


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 169 | ग्वालियर शुक्रवार, 07 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# आबकारी नीति मामले में ईडी ने गुरुवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की.

आबकारी नीति मामले में ईडी ने गुरुवार (6 अप्रैल) को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की. यह चार्जशीट राजेश जोशी, राघव मगुंटा और गौतम मल्होत्रा के खिलाफ दाखिल की गई. इसी बीच अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (क्क) ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि ईडी की तीसरी चार्जशीट में भी मनीष सिसोदिया का नाम नहीं है. पहली और दूसरी चार्जशीट में भी सिसोदिया का नाम नहीं था.चार्जशीट को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट 14 अप्रैल को सुनवाई करेगा. ईडी ने कोर्ट को बताया कि मल्होत्रा को 7 फरवरी, राजेश को 8 फरवरी और राघव मगुंटा को 10



फरवरी को गिरफ्तार किया था. वहीं ईडी ने बुधवार (6 अप्रैल) को भी कोर्ट में कहा था कि सिसोदिया के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच महत्वपूर्ण चरण में है और इसमें उनकी संलिप्तता के नए सबूत मिले हैं. जांच एजेंसी ने यह दलील उनकी जमानत अर्जी पर बहस करने के लिए समय मांगते हुए दी थी.इस दौरान सिसोदिया की ओर से पेश हुए वकील ने कहा था कि ईडी के पास इसको लेकर कोई सबूत नहीं है. उन्होंने सब कुछ जांचा ,आवास पर छापा मारा, लेकिन कुछ नहीं मिला. कोई पैसा उनके या फिर किसी परिवार के सदस्य के बैंक खाते में नहीं है.दरअसल शराब नीति 2021-22 को बनाने और उसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में कई बार पूछताछ के बाद 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया था. इसके बाद से आप केंद्र सरकार जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही है.बता दें कि इसी बीच दिल्ली हाई कोर्ट ने शराब नीति मामले में आप के नेता सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई से गुरुवार (6 अअप्रैल) को जवाब मांगा. जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया की याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया.

## न्यूज ट्रैक

### अतीक अहमद के बेटे और भाई ने ढाई मिनट में की 150 राउंड फायरिंग, दहशत वाला वीडियो वायरल

माफिया अतीक अहमद के परिवार का एक सनसनीखेज वीडियो सामने आया है. वीडियो में अतीक अहमद के परिवार के कई सदस्य ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं. माफिया अतीक के भाई अशरफ और बेटे अली अहमद के साथ ही गिरोह के कई लोग भी गोलियां बरसाते हुए नजर आ रहे हैं. तकरीबन ढाई मिनट के इस वीडियो में डेढ़ सौ राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई है.अतीक अहमद के परिवार का ये वीडियो हैरान कर देने वाला है. यह वीडियो एक शादी समारोह का है, वीडियो तकरीबन सात साल पुराना बताया जा रहा है. यह वीडियो साल 2016 में माफिया अतीक अहमद के साले शबी अहमद की शादी का है. हालांकि सामने आए वीडियो में अतीक अहमद नजर नहीं आ रहा है. तब शबी अहमद की बारात प्रयागराज के झूसी इलाके के मलावा गांव में गई हुई थी. इसी बारात का यह वीडियो बताया जा रहा है.शबी अहमद का निकाह आरिफ मुल्ला की बेटी से हुआ था. वीडियो में कई लोग एक साथ खड़े होकर ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं. माफिया अतीक अहमद का भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ भी कुर्सी पर बैठकर फायरिंग करता हुआ दिखाई दे रहा है. गुर्गों द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद अशरफ अपने भतीजे यानी माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को भी बुलाता है. उसके बाद पिस्टल से उससे भी ताबड़तोड़ फायरिंग कराता है. अतीक का बेटा अली अहमद पूरे विश्वास के साथ हंसता हुआ फायरिंग करता है. एक झटके में कई राउंड फायरिंग करने के बाद पीठ थपथपा कर उसे शाबाशी भी दी जाती है. इसके बाद अशरफ भी कई राउंड फायरिंग करता है और अपनी पिस्टल को सामने लगी टेबल पर रख देता है. सबसे ज्यादा फायरिंग अतीक अहमद का खास आसाद कालिया करता है. बता दें कि आसाद कालिया प्रॉपर्टी डीलर है और अतीक अहमद के परिवार से जुड़ा हुआ है. इसके अलावा अशरफ का करीबी नूर भी फायरिंग करते हुए नजर आ रहा है.

### पत्नी से झगड़ा हुआ तो ट्रांसफॉर्मर पर चढ़कर शख्स ने बिजली की तारों को चबाया



तमिलनाडु में नशे में धुत एक शख्स पत्नी से लड़ने के बाद ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ गया और हाईटेंशन तार को छू लिया जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया है. घटना तिरुवल्लुर जिले की है जहां शराब पीकर 33 साल का धर्मदुराई पत्नी के मायके चले जाने से दुखी होकर ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ गया और तारों को चबाया.पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया, धर्मदुराई का पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था जिसके बाद वो अपने पैतृक गांव रेड्डीपलायम चली गई थी. धर्मदुरई ने अपनी पत्नी को वापस लान की कई बार कोशिश की. उसका मानना है कि पत्नी के भाई उसे भड़का रहे हैं जिसको लेकर उसने कई बार अरमबक्कम पुलिस थाने गया. धर्मदुराई ने पुलिस को कहा था कि वो उसकी पत्नी को वापस ले आए. बुधवार (5 अप्रैल) को वो एक बार फिर थाने पहुंचा था लेकिन नशे में धुत होने के कारण पुलिसकर्मियों ने उसे इंतजार करने को कहा. धर्मदुराई को ये पसंद नहीं आया और वो सामने लगे बिजली के ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ गया. घटना की सामने आयी वीडियो में धर्मदुराई ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ा दिखाई दिया. वहीं, तीन से चार पुलिसकर्मी नीचे खड़े होकर उसे नीचे उतरने को कहते हैं. लेकिन धर्मदुराई ने किसी की नहीं सुनी और उसने हाई वोल्टेज करंट के तारों चबाया. धर्मदुराई के तार को छूटे ही चिंगारी निकली जिस कारण उसे करंट लगा. इसी बीच वो दोबार तारों के संपर्क में आकर नीचे जमीन पर गिर जाता है. वहीं, नीचे खड़े पुलिसकर्मी आनन-फानन में धर्मदुराई को निजी अस्पताल ले गया जहां उसका इलाज चल रहा है. डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.

### करुणानिधि स्मारक का दौराः मंत्री जी के जूते हाथों में उठाते दिखो सहायक

तमिलनाडु सरकार में डेयरी मंत्री एसएम नासर एक बार फिर



विवादों में घिर गए हैं. इस बार उनकी आलोचना अपने सहायक से एक स्मारक में जाने के दौरान अपने सैंडल उठवाने को लेकर हो रही है. दरअसल चेन्नई में करुणानिधि स्मारक पर छ्रब्न्न नेता की यात्रा के दौरान तमिलनाडु के मंत्री एसएम नासर के सहायक उनके सैंडल हाथ में उठाकर ले जाते हुए देखे गये थे, उसके बाद ही उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि क्या उन्होंने अपने सहायक को इस मामले में कोई निर्देश दिया था.

## दिल्ली हाईकोर्ट से सत्येंद्र जैन को फिर लगा झटका, जमानत याचिका खारिज

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद सत्येंद्र जैन को दिल्ली हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली है. एक बार फिर उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है. अदालत ने कहा, चूंकि याचिककर्ता एक प्रभावशाली व्यक्ति है और इस मामले में सीधा आरोपी है जिसके पास जांच की निष्पक्षता को प्रभावित करने की क्षमता है लिहाजा हम उनको जमानत नहीं दे सकते हैं. जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने सत्येंद्र जैन, अंकुश जैन और वैभव जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी. पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, याचिकाकर्ता एक प्रभावशाली व्यक्ति है और वह जांच की निष्पक्षता और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की कूवत रखता है,



इसलिए अदालत उनको जमानत नहीं दे सकती है.बीते महीने 21 मार्च को इसी पीठ ने बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अपने आदेश को सुरक्षित रख लिया था. दलीलों के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू प्रवर्तन निदेशालय की ओर से कोर्ट में पेश हुए थे. उन्होंने अदालत में बहस के दौरान कहा, सत्येंद्र जैन और अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला पूरी तरह से स्पष्ट है, इसलिए उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए.जैन ने अदालत में दी गई अपनी जमानत याचिका में कहा, मैं 7 बार ईडी के सामने पेश हुआ और मैंने उसको सहयोग किया और जांच में भाग लिया बावजूद इसके मुझे गिरफ्तार कर लिया गया. हाई कोर्ट में दायर याचिका पर जैन ने कहा, निचली अदालत ने उनके पक्ष को गंभीरता से नहीं सुना और उन पर लगाए गए आरोप पीएमएलए के तहत दंडनीय अपराध का कारण नहीं बननी चाहिए. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जैन की याचिका को रिजेक्ट करते हुए कहा था, आरोपी सत्येंद्र जैन ने जान बूझकर गलत तरीके से कमाए गए पैसे को खपाने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग का काम किया था.

## बीजेपी में शामिल हुए कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी



कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी गुरुवार को बीजेपी में शामिल हो गए. केरल कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के पूर्व संयोजक अनिल एंटोनी ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, वी मुरलीधरन, केरल बीजेपी अध्यक्ष के सुरेंद्रन की मौजूदगी में बीजेपी का दामन थामा.2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर विवाद के बाद अनिल एंटनी ने जनवरी में कांग्रेस छोड़ दी थी. अनिल एंटनी के पिता एके एंटनी कांग्रेस सरकार में केंद्रीय रक्षा मंत्री रहे थे. इसके अलावा वे केरल के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं. एके एंटनी का नाम बड़े नेताओं में शुमार रहा है.

## हनुमान जी की तरह काम करने का पीएम मोदी ने दिया निर्देश, बोले गिरिराज सिंह

भारतीय जनता पार्टी आज 44वां स्थापना दिवस मना रही है. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया, पीएम मोदी ने हमें 2047 तक भारत को मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं.गिरिराज सिंह बोले, %जिस तरह से हनुमान जी भगवान राम का काम किए बिना रुकते नहीं थे, थकते नहीं थे, वैसे ही बीजेपी कार्यकर्ताओं को भी बिना रुके काम करने का पीएम मोदी ने निर्देश दिया है. बता दें, आज देश हनुमान जयंती मना रहा है.% इससे पहले बीजेपी स्थापना दिवस को लेकर गिरिराज सिंह ने ट्वीट कर लिखा, 44 वर्षों में असंख्य बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भारत को विश्व पटल पर चमकता सितारा बनाने में असंख्य योगदान दिया. भारत परमाणु शक्ति बना, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, कोरोना में दुनिया को वैक्सीन दी और आज 80 करोड़ जरूरतमंदों को खाना दे रहा है. वाह मोदी जी वाह.वहीं, पीएम मोदी ने अपने संबोधन में ''बादशाही'' मानसिकता वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 2014 से गरीबों, पिछड़ों, वंचित वर्गों का लगातार अपमान कर रहे हैं. अस्तित्व के संकट से जूझ रहे दल हमारे खिलाफ साजिश रचते रहेंगे. गरीब, वंचित, दलित, आदिवासी वर्ग 'कमल' की रक्षा कर रहे हैं. पीएम मोदी ने सामाजिक न्याय को बीजेपी की विचाराधारा का आधार बताते हुए मुफ्त राशन योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया.

## सरकार ने संसद नहीं चलने दी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर लगाया आरोप



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संसद के सत्र के आखिरी दिन अडानी के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के साथ तिरंगा मार्च निकालने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं. इस दौरान उन्होंने कहा, मोदी सरकार लोकतंत्र के बारे में तो बहुत सारी बातें कहती है लेकिन वह लोकतंत्र को कोई महत्व नहीं देती है. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हम ये जानना चाहते कि कैसे सिर्फ 2.5 साल में अडानी की संपत्ति ढ़ाई साल में 12 लाख करोड़ कैसे बनी. उन्होंने कहा, 50 लाख करोड़ का बजट महज 12 मिनट में कैसे पास किया गया

### बीएसएफ जवानों पर स्थानीय लोगों ने बरसाए फूल

नई दिल्ली। कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. इस बीच तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में उतरने की तैयारी कर रही है. चुनावों की तैयारियों के बीच प्रदेश की विधानसभा सीटों पर बीएसएफ जवानों की तैनाती शुरू हो गई है. इस दौरान एक अद्भुत नजारा देखने को मिला है जब कर्नाटक के कोलार जिले में पहुंचे बीएसएफ के जवानों पर आम लोगों ने फूलों की बरसात की. अपनी-अपनी छतों और बालकनियों में खड़े लोग बीएसएफ जवानों की टीम पर फूल बरसाते दिखाई दिए. एक छोटी बच्ची जवानों को गुलाब का फूल देती नजर आई. सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और लोग इसकी खूब तारीफें भी कर रहे हैं. कर्नाटक में मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है हालांकि जनता दल सेक्युलर भी दोनों पार्टियों को कड़ी चुनौती देती नजर आ सकती है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बीजेपी पूरे 224 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी. वहीं इस बार एआईएमआईएम ने भी प्रदेश के करीब 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है. इस बार आम आदमी पार्टी भी कर्नाटक विधानसभा चुनावों में एंट्री लेने जा रही है. ऐसे में इस बार का मुकाबला काफी दिलचस्प होता नजर आ रहा है.

## बाघ ने खाया तेंदुआ, बेंगलुरु के शख्स ने दुर्लभ घटना को तस्वीरों में किया कैद



हम सब हर रोज इंटरनेट पर कुछ न कुछ नया देखते हैं, जिसे देखकर कभी कभी हम चौंक भी जाते है. ऐसे ही वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर हर्षा नरसिम्हा मूर्ति ने नेचर का वो नजारा कैमरे में कैद किया है, जिसे इंटरनेट पर देखने वाले सभी लोग शॉक्ड हो गए. टाइगर की तरह ही तेंदुआ भी शिकार करने में बहुत तेज होता है, लेकिन राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क में टाइगर ने तेंदुए को मार दिया और उसे खाने लगा.हर्षा ने इस दुर्लभ नजारे को तस्वीरों में कैद कर लिया. टी-101 के रूप में पहचाना गया बाघ हाल ही में नेशनल पार्क के जोन-1 में देखा गया था. ढ्ढस्नस् अधिकारी परवीन कस्वां ने एक ट्वीट में नरसिम्हा मूर्ति की तस्वीरें शेयर की है. उन्होंने ट्वीट में लिखा कि जब शिकारी शिकार हो जाता है. ऋञ्जऋ में तेंदुए को खा रहा बाघ. दुर्लभ कब्जा...क्या आपने ऐसा कुछ देखा है? इसके बाद से तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब शेयर की जा रही हैं.

## 72 साल के बीजेपी सांसद अड़े, मांग रहे विधानसभा का टिकट, बेंगलुरु में डाला डेरा

कर्नाटक विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है. नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 20 अप्रैल है. इस वजह से सूबे की सभी पार्टियां चुनाव अभियान को लेकर कमर कस चुकी हैं. कर्नाटक बीजेपी खेमे में कई निर्वाचन क्षेत्रों में विधानसभा टिकटों को लेकर लॉबिंग चल रही है.इस दौरान बीजेपी के कोप्पल से मौजूदा सांसद सांसद कराडी संगन्ना अमरप्पा ने पार्टी के लिए धर्म संकट बढ़ा दिया है. दरअसल सांसद अमरप्पा ने आगामी चुनावों में कोप्पल विधानसभा क्षेत्र से अपने लिए टिकट की मांग की है. इसे लेकर कई दिनों से बेंगलुरु में डेरा डाले बैठे हैं. संगन्ना अमरप्पा कर्नाटक की कोप्पल लोकसभा सीट से बीजेपी के सांसद है. वो इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दो बार 2014 और 2019 में आम चुनाव जीत चुके हैं. कर्नाटक से बीजेपी पहले ही उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश केंद्रीय चुनाव समिति को विचार के भेज चुकी है.अब इसी क्रम में सांसद संगन्ना ने पार्टी से कोप्पल से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट



की मांग की है. सूत्रों से पता चला है कि बीजेपी इस विधानसभा सीट से पहले ही सीवी चंद्रशेखर को मैदान में उतारने का प्लान कर चुकी है. हालांकि, बीजेपी ने अभी तक कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की लिस्ट जारी नहीं की है. अनुमान जताया जा रहा है कि पार्टी अगले कुछ दिनों में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगी.सांसद संगन्ना अमरप्पा की कोप्पल विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरने में दिलचस्पी है. इसे लेकर वह मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और बीजेपी के संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा से गुरुवार (6 अप्रैल) को मुलाकात करेंगे और अपनी इच्छा बताएंगे.दरअसल बीजेपी का एक मौखिक नियम है कि विधानसभा चुनाव में किसी भी सांसद और एमएलसी को टिकट नहीं दिया जाएगा. इसे लेकर पार्टी को तीन एमएलसी का नुकसान अभी तक हो चुका है. इस वजह से ये तीनों सभी चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हो गए हैं. कराडी टिकट पाने के लिए अपनी जोरदार पैरवी कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा. मौजूदा सांसद की उम्र पहले से ही 72 साल की हैं. ऐसे में सूत्रों की मानें तो, अगर पार्टी उन्हें टिकट देने से इनकार करती है,

# राम के नारों से गूंज उठा नगर परिषद रन्नौद



संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद

हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी नगर परिषद रन्नौद में हनुमान जयंती पर




निकाली भव्य बाइक रैली विश्व हिन्दू परिषद् बजरंगदल द्वारा प्रखण्ड रन्नौद में हनुमान जन्मोत्सव पर मानक चौक हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ कर नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए निकाली बाइक रैली नगर के लोगो ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत जिसमें क्षेत्र बा नगर के सभी सनातनी हिन्दू भाइयों नेश्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर बड़ चाड कर भाग लिया यह जलूस नगर के मानकचोक हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड मार्ग से होते हुए हनुमान मंदिर पर समाप्त हुआ

# पिछोर जनपद की ग्राम पंचायतों में जय गौड़ बाबा ट्रेडिंग कंपनी फर्म नियम विरुद्ध रजिस्टर्ड करके करके ग्राम पंचायतों में डाले फर्जी बिल लाखो की टैक्स

राकेश परिहार पिछोर

**पिछोर-** पिछोर जनपद की ग्राम पंचायतों में हो रहे कार्यों में लाखो रुपए के गुड्स एंड सर्विसेस टैक्स (जीएसटी) की चोरी की जा रही है। पिछोर जनपद की सैकडो ग्राम पंचायतों फर्जी तरीके से कागजों पर काम रहीं जय गौड़ बाबा ट्रेडिंग कंपनी 9639 फर्जी फर्म के बिल जनपद से लेकर जिले तक के कमीशनखोर अधिकारी व इन फर्मों को नियम विरुद्ध रजिस्टर्ड करके ग्राम पंचायतों में फर्जी तरीके से बिलिंग कराकर सरकार को लाखों रुपए की चपत लगा रहे हैं ओर टैक्स की चोरी करवा रहै हैंपिछोर जनपद की सैकडो ग्राम पंचायतों कागजों पर काम रहीं जय गौड़ बाबा ट्रेडिंग कंपनी फर्जी फर्म फर्जी तरीके से सेमरी,वाचरौंन,शेरगढ़,पटसेरा,मलावानी,रूपेपुर, पायगा,खडोय,ग्राम पंचायतों में पंच परमेश्वर व नरेगा योजना सहित अन्य योजनाओं में फर्जी तरीके से बिल लगाकर सरकार की लाखो रुपए की राशि फर्म संचालक द्वारा फर्जी तरीके से टैक्स चोरी करके द्वारा तरह-तरह के बिल लगाकर राशिएक सप्लायर यह सब कुछ कैसे कर सकता है यह समझ से परे है, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते, फर्म रोलर,ग्रेडिंग,सारी मशीनरी सहित ईंट, रेत,मिट्टी,सरिया,लोहा,बोल्डर, खंडा,से बिजली का सामान, कम्प्यूटर, शौचालय निर्माण, स्टेशनरी और तक बेच रहे है। शासन के जिम्मेदार अधिकारी उस पर अपनी मोहर लगाकर लाखो करोड़ों का भुगतान कर रहे हैं

**ऐसे घटित हुआ करोड़ों का घोटाला भ्रष्टाचार-** पिछोर जनपद की सेमरी,वाचरौंन,शेरगड़,पटसेरा,मलावानी,रूपेपुर,




पायगा,खडोय,ग्राम पंचायतों में पंच परमेश्वर व नरेगा योजना सहित अन्य योजनाओं में जय गौड़ बाबा ट्रेडिंग कंपनी पंचायतों में सामग्री सप्लाई के नाम पर हर वो चीज बिक रही है, जो पंचायत को चाहिए, बीते 3 वर्षो के दौरान पंचायतों में लगे और भुगतान लिए हुए बिलों पर नजर डाले तो विभिन्न फर्म संचालक ने इस दौरान ईंट, रेत, गिट्टी, मुरूम, दरवाजा, लोहा, कांच, पेन्ट, लकड़ी, मोबाइल, कम्प्यूटर, स्टेशनरी से लेकर हर ऐसी वस्तुओं के बिल पंचायतों को बेचे हैं, जो सरपंच, सचिवों द्वारा मांगे गये। यह अलग बात है कि लाखो करोड़ों की बेची गई सामग्री दुकानदार ने कहीं से खरीदी ही नहीं। सिर्फ कमीशन लेकर अपने खातों में फर्जी भुगतान करा लिये है

**लाखो करोड़ो का टर्न ओवर-**पंचायतों में कई सप्लायर होते है जो विभिन्न प्रकार की सामग्री का सप्लाई करते है और इनका टर्न-ओव्हर बिना किसी खरीदी के सिर्फ बिक्री में ही प्रतिमाह लाखो को छू रहा है। पढर यह जरूर अचंभित करने वाली बात लगती है, लेकिन पंचायत विभाग के दस्तावेज इन बातों की पुष्टि करते हैं की

जय गौड़ बाबा ट्रेडिंग कंपनी ऐसे नाम है जो सिर्फ लाखो करोड़ो के फर्जी बिल का भुगतान पंचायते बखूबी करते है।*

**शासन के टेक्स की चोरी-**जीएसटी लागू होने से पहले के करोड़ों के भुगतान को नजर अंदाज कर भी दिया जाये तो जुलाई 2017 के बाद से अब तक पंचायत के खातों से इन फर्मों में करोड़ों रूपये ट्रांसफर हुए हैं। जिस हिसाब से फर्जी बिल लगाये गये और बिक्री दर्शा कर आहरण किया गया, उस अनुपात में 5 से 10 प्रतिशत ही बिक्रीकर और आयकर का भुगतान वह भी शायद ही किया गया है। संचालित जय गौड़ बाबा ट्रेडिंग कंपनी खातों में प्राप्त भुगतानों की जांच की जाये तो लाखों करोडो की टेक्स चोरी का मामला सामने आ सकता है। ग्राम पंचायतों में कई फर्में संचालित हो रही है, इन फर्मों का मुख्य काम पंचायतों में फर्जी बिल देकर लाखों के भुगतान अपने नाम पर करवाना लाखो रूपये के बिल भी लगे और भुगतान भी हुए, लेकिन समय जैसे-जैसे बीता मामला फाईलों में दफन होकर रहे है।

# मोटरसाइकिल बचाने के फेर में पैदल चल रहे बुजुर्ग को उड़ाते हुए शिमला मिर्च से भरी 407 पलटी





अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** खबर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गुना बाईपास से है जहां पर आज दोपहर के समय तेज स्पीड से आ रही टाटा 407 जोकि शिमला मिर्च से भरी हुई थी मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में पैदल चल रहे राहगीर में टक्कर मार दी जिस की मौके पर मृत्यु हो गईप्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर पोहरी बाईपास की ओर से शिमला मिर्च से भरी हुई टाटा 407 तेज स्पीड में गुना बाईपास की ओर जा रही थी अचानक ही उसके सामने उसे एक मोटरसाइकिल वाला निकला जिस को बचाने के चक्कर में टाटा 407 ने पैदल चल रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिस की मौके पर ही मौत हो गई जिसका नाम यशपाल भोला उम्र 70 वर्ष थी वह गुना बाईपास से अपने भाई के साथ पैदल-पैदल अपने घर वैशाली गार्डन की ओर जा रहा था बुजुर्ग के भाई रास्ते में बाथरूम के लिए रुके जब तक अचानक ट्रक ने बड़े भाई को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई जिसकी सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी और वह मौके पर पहुंचकर मृत यशपाल भोला को लेकर पीएम के लिए पहुंचे और उनके परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर मामला दर्ज कराया पुलिस मामले की पूछताछ कर रही है आए दिन शहर में ऐसे ही मामले बढ़ते जा रहे हैं भले ही टाटा 407 में 4 पहिए होते हैं लेकिन वह पूरा एक ट्रक होता है जिसको भारी वाहन में गिना नहीं जाता जबकि वह पूरी तरह से एक ट्रक ही होता है

## पुलिस थाना सुरवाया द्वारा रिपोर्ट के 24 घण्टे में नाबालिग के साथ बलात्कार करने के आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले के थाना सुरवाया मैं नाबालिग ने मय अपने पिता के उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि, दिनांक 20/02/2023 के दोपहर करीबन 2 से 2¬30 बजे की बात होगी, मैं अपने घर पर थी मुझे मेरे घर पर बुलाने के लिये मेरे गाँव की महिला आई और मुझसे बोली कि मेरे घर चल मुझे मेंहदी लगा देना, इसीलिये में उसके के साथ उसके घर पर चली गई घर पहुंचते ही उसने मुझे एक कमरे में बन्द कर दिया और बाहर से कुन्दी लगा दी उस कमरे में पहले से एक लडका निवासी धुवानी का बैठा हुआ था, जब मैं चिल्लाई तो उस लड़के ने मेरे मुंह में कपडा ठूस दिया और उसने मेरे साथ जबरदस्ती गलत काम (बलात्कार ) किया । मैं वहाँ बेहोश हो गई थी और मेरी बेहोशी के दौरान लड़के ने मेरी बिना कपडो बाली बीडियो बना ली । रिपोर्ट पर अपराध क्र. 29/2023 धारा 366ए , 376(3), 342, 34 भादवि, 3/4 पोक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।दौराने विवेचना पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदोरिया के निर्देशन में, अति. पु.अ. श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी महोदय करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरवाया रामेन्द्र सिह चौहान व उ.नि. प्रियंका पाराशर व थाने की स्टाफ की एक टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये बाद विवेचना के दौरान आरोपीगणो के हरसंभव ठिकानों पर दविश देकर आरोपी लडका नि0 धुवानी व महिला आरोपी नि0 ग्राम भडाबावडी को गिरफ्तार किया गया व घटना में प्रयोग किये गये मोबाईलो को जप्त किया गया पुलिस के द्वारा तत्काल एक्शन में आकर रिपोर्ट के 24 घण्टे के अन्दर नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । उक्त आरोपियो की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी थाना सुरवाया रामेन्द्र सिंह चौहान , उ.नि. प्रियंका पाराशर , सउनि श्रीकान्त शर्मा , प्रआर. रामकुमार सिंह तोमर ,प्र.आर. रविन्द्र बुन्देला, प्रआर. सतीश चौधरी , प्रआर. हर्ष झा , प्रआर. महेन्द्र कुमार सक्सेना , आर. शकील खाँन, आर. मनोज धाकड, आर. राजेन्द्र सिंह , आर. दर्शन सिंह , आर. दशरथ सिंह महिला आर. रजनदीप कौर , आर. चालक प्रकाश अवास्या की अहम भूमिका रही ।

## मुरैना में मुख्यमंत्री ने नवीन निर्माण कार्यो का रिमोट दबाकर भूमिपूजन किया

**मुरैना ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने प्रदेश के 52 जिलों के लिये लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की 537 स्वास्थ्य संस्थाओं के नवीन निर्माण कार्य की लागत 1859 करोड़ 47 लाख रूपये का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 84 स्वास्थ्य संस्थाओं के नव निर्मित भवन 82 करोड़ 78 लाख रूपये की लागत से होने वाले लोकार्पण रिमोट दबाकर किया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना में पहुंचे। जहां 8 विभागों की प्रदर्शनियां लगाई गई थी। जिसमें परियोजना आगामी 30 वर्ष की जनसंख्या के लिये रूपांकित चंबल नदी से 214 करोड़ 89 लाख रूपये की लागत से चंबल से पानी लाने की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिसमें इंटेकवेल की क्षमता 140 एमएलडी, जल शोधन संयंत्र की क्षमता 64 एमएलडी, पाइप लाइन 580.72 किलोमीटर और नवीन 12 टंकियों का निर्माण प्रदर्शनी के माध्यम से देखकर मुख्यमंत्री गदगद हुये।

# करेरा क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन एवं अवैध वसूली को लेकर ओबीसी महासभा ने दिया ज्ञापन

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-**करेरा क्षेत्र में चल रहे हैं अवैध उत्खनन एवं अवैध वसूली को लेकर ओबीसी महासभा मैदान में आ गया है आज ओबीसी महासभा के द्वारा करैरा तहसील में ज्ञापन दिया गया है ओबीसी महासभा की मांगे हैं कि करेरा क्षेत्र में लगातार अवैध उत्खनन चल रहा है और ओबीसी महासभा के उत्खनन के बारे में कई बार आला अधिकारियों को बता चुकी है पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ओबीसी महासभा द्वारा बताया गया है कि कल्याणपुर चितारी, सोन्हर, सीहोर एवं मछावली में लगातार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अवैध उत्खनन जोर शोर से चल रहा है बही ओबीसी महासभा द्वारा बताया गया है कि अवैध उत्खनन कर्ताओं को जिले के नेता बा आला अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है नेताओं के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से पन्डुब्बी एवं डम्परों में दिन दहाडे टोकनों पर शिवपुरी एवं



एल एन टी मशीनों द्वारा नदी का सीना छल्ली कर अवैध रेत निकाल रहे है एवं बड़े बड़े गुना जा रहे है। साथ ही ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि यह कि हमने पूर्व में भी कई शिकायतें की है लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है अब नेता एवं अधिकारीयों के पैसे रोके जाते है तो ये लोग काम बंद करा देते हैं पैसे मिलते ही काम चालू हो जाता है। अभी कुछ दिन पहले ही शिवपुरी प्रशासन ने 17 डम्पर बिना रॉयल्टी के पकडे हैं। उसके बावजूद भी अवैध उत्खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा इससे ये प्रतीत होता है शिवपुरी प्रशासन पूरी तरह से माफियाओं को संरक्षण देने का एक प्रति प्राप्त काम कर रहा है ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि यदि जल्दी अब अवैध उत्खनन करताओ पर कार्रवाई नहीं की गई तो ओबीसी महासभा अनिश्चितकालीन धरने के लिए बाध्य होगी और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी

**ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष**
**जितेंद्र जीतू लोधी**

## डकैती की योजना बनाते तीन बदमाश धरे, ज्वेलर्स को लूटने की थी प्लानिंग

ज्वेलर्स को लूटने के लिए निकले तीन बदमाश क्राइम ब्रांच व झांसी रोड थाना पुलिस ने नीडम रोड से दबोचा है। हालांकि पुलिस से बचने के लिए दो बदमाशों ने काफी दूर तक पुलिस को छकाया, लेकिन पुलिस ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों से पुलिस को दो कट्टे व एक चाकू मिला है। पुलिस अब पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में जुट गई है। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि कुछ माह पूर्व पकड़े गए बदमाशों ने गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में एक प्रोफेसर के घर डाका डाला था ओर वहां से करीब 18 लाख की माल डकैती डाली थी और कुछ ही समय पूर्व जेल से छूटे है।

## नगर रन्नौद में भाजपा चौपाल का अयोजन किया गया

संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद



भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रन्नोद मंडल में युवा चौपाल का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मयंक दीक्षित जी जिला महामंत्री युवा मोर्चा ने पार्टी को युवाओं को एकत्रित करने का संदेश दिया साथ ही रन्नोद मंडल की विभिन्न पंचायतों में युवाओं को चौपाल के माध्यम से जागृत करने और सरकार की योजनाओं के बारे में बताने के लिए कहा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मयंक दीक्षित जिला महामंत्री (सांसद प्रतिनिधि) बंटी सिकरवार सुधीर सिंह रघुवंशी विपिन शर्मा रन्नोद मंडल के अध्यक्ष पंकज भार्गव जी. आशीष गुर्जर.आशीष रघुवंशी गोलू शर्मा. अमन गांधी मोनू खटीक रामपाल धाकड़ मुकेश केवट आदि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# शिवपुरी पुलिस द्वारा लूट की घटना को 48 घंटे के अंदर किया खुलासा

### आरोपी गिरफ्तार कर 05 भेडें एवं घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार जप्त

अनिल कुशवाह
प्रभारी पुष्पांजलि

**शिवपुरी- शिवपुरी पुलिस द्वारा थाना अमोला द्वारा लूट की घटना को 48 घंटे के अंदर खुलासा कर बड़ी कार्यवाही की है। घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई 27 नग भेडों में से 05 भेडें तथा घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार को जप्त किया गया।**



थाना अमोला पर फरियादी राजकुमार पुत्र काशीराम पाल निवासी ग्राम सिरसोद द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि आज रात को मेरे बरोदी वाले रोड किनारे खेत पर बने बाड़े से चार अज्ञात व्यक्ति मेरी भेडों को कार में चोरी करके ले जा रहे थे तब मैंने और मेरे मामा ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक आदमी ने मेरे मामा की लोहे के सरिया से मारपीट कर दी फिर हम लोग डर गये और मेरी भेडों में से 27 नग भेडों को तथा मेरे लोअर की जेब मे रखा ओप्पो कंपनी का मोबाइल को जबरदस्ती छीन कर ले गये। उनकी इस रिपोर्ट पर से थाना अमोला पर अप.क्र. 64/23 धारा 394 भादवि 11, 13 एम.पी.डी.पी.के. एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया द्वारा अपराध को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपीयों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने एवं माल मशरूका को जप्त करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी करैरा संजय चतुर्वेदी द्वारा निर्देश दिए गए। जिसे थाना प्रभारी अमोला उनि. संतोष भार्गव द्वारा एक चेलेंज के रूप में लिया तथा घटना के आरोपियों की पतारसी हेतु पेट्रोल पंपो, टोल टैक्स बेरियरो आदि के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।थाना प्रभारी अमोला उनि. संतोष भार्गव को मुखबिर सूचना मिली कि घटना वाले दिन 2 अप्रैल को उत्तप्रदेश के जिला कानपुर की तरफ के अज्ञात व्यक्ति करैरा एवं सिरसोद तरफ देखे गये है जिसके पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के निर्देशानुसार एवं एसडीओपी करैरा संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में तत्काल कानपुर भेजने हेतु एक टीम का गठन कर रवाना किया गया तथा टीम ने कानपुर पहुचकर मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिया के व्यक्ति की तलाश की गई तो उस हुलिया का व्यक्ति मिला जिसे पनकी पावर हाउस के पास कानपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो उसके द्वारा बताया गया कि उसने अपने जीजा उसके दोस्त एवं दोस्त के दोस्त के साथ मिलकर जीजा द्वारा लाई गई अर्टिगा कार से घटना को कारित करना बताया। सरसौद मे आसपास रैकी कर रात्रि में घटना को अंजाम दिया जाना बताया जिसके बाद पकड़े गये आरोपी से उसके हिस्से में मिली 05 नग भेडों एवं एक बिना नंबर की मारूती अर्टिगा कार को जप्त किया गया है। उक्त आरोपियों पर पूर्व मे भी प्रकरण के अन्य फरार आरोपीगणों एवं भेडों की शीघ्र पतारसी करने की कार्यवाही की जा रही है।उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमोला संतोष भार्गव के अतिरिक्त सउनि विवके भटट, सउनि हरीश सोलंकी, प्र.आर. 499 देवेन्द्र सेन (सायबर सेल शिवपुरी), आर. 393 पवन राठौर, आर. 144 नागेन्द्र जाट एवं आर. 968 दामोदर भार्गव, आर. 693 नीतेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### गोहद चौराहा पुलिस ने मासूम बालक को मिलाया परिजनो से

# पुलिस का प्रयास हुआ सफल 6 वर्ष के खोए बालक को सोशल मीडिया की मदद से मिलाया परिजन बच्चे को पाकर हुए खुश

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** गोहद राष्ट्रीय राजमार्ग भिंड ग्वालियर 19 पर स्थित थाना गोहद चौराहे पर बुधवार शाम भिंड मेहगांव की ओर से आ रही यात्री बस में 6 वर्ष उम्र के लगभग का बालक एंडोरी थाना क्षेत्र के आलोरी पुरा निवासी नेपाल जाटव के साथ चौराहे पर उतर गया था। बच्चे से बार - बार उसका पता पूछा गया लेकिन वह सही पता बताने में असमर्थ रहा इस लिए नेपाल जाटव ने अज्ञात बच्चे को चौराहा पुलिस को सुपुर्द कर दिया जिसे थाना चौराहे पर रखा गया है। जो अपना नाम निहाल बताता है। पिता का नाम कादिर या ताबीर बताता है। गोहद चौराहा थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि यह बच्चा मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर लगता है। अपनी मां का नाम अमीना बता रहा है। पिताजी इसके अहमदाबाद में पेंटिंग का कार्य करते हैं। यह मेहगांव से बस में बैठा था।



इस बच्चे के संबंध में जिले के सभी थानों एवं सोशल मीडिया ग्रुपों पर बच्चे के फोटो और डिटेल जानकारी शेयर कर इसके परिजनों तक संदेश पहुंचाने का कार्य किया गया था। गुरुवार दोपहर सोशल मीडिया की मदद से बच्चे के मौसा जो बच्चे को खोजने का कार्य बुधवार से ही कर रहे थे। सोशल मीडिया पर एक अज्ञात बच्चे का फोटो चौराहा थाने ने वायरल होने की जानकारी मिलने पर वे सीधे चौराहा थाने पहुंचे। जब बच्चे के मौसा अरमान खान पुत्र कम्मू खान निवासी गोहद चौराहा ने बच्चे को देखा तो वे अपने भतीजे को पहचान गए। पत्नी बच्चे की मौसी शंमो लेकर पहुंचे जहां बच्चे ने अपनी मौसी और मौसा को पहचान लिया है। मौसा अरमान खान ने बताया बच्चा मेहगांव से शाम को गुम हो गया था। जिसकी खोज हम लोग रात्रि से ही कर रहे थे। पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद बच्चा उनको सुपुर्द कर दिया है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**पुष्पाजंली टुडे**

**कोयम्बटूर।** सिटी के एडीयार स्ट्रीट स्थित श्री बाबा रामदेव सेवा संघ ट्रष्ट मंदिर में 6 अप्रेल 2023 को आज श्री हनुमान जन्मोत्सव सभी भक्त प्रवासियों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, ये धार्मिक कार्यक्रम सुंदरकांड मित्रमंडली के द्वारा आयोजन किया गया,सुबह 9 बजे श्री हनुमान जी प्रतिमा पर फूल माला का श्रंगार कर दीप प्रज्वलित के साथ पूजा अर्चना की गई, सुबह 9 बजे से 12 बजे तक मित्र मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया,पाठ के दौरान इस कार्यक्रम में आए सभी भक्तों द्वारा जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयकारे लगे, ततपश्चात 108 दीपक के साथ सभी भक्तों ने महाआरती की,बाद में 21 किलो का एक ही बूंदी का लड्डू का भोग श्री राम,श्री हनुमान जी को च?ाकर मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा सभी भक्तों को वितरण किया गया,इसके बाद सुंदरकांड मित्र मंडल के संस्थापक विकास भूरा द्वारा भक्तों के स्वेच्छा अनुसार 111नॉट बुक भगवन्नाम-माहात्म्य 28860 राम नाम जप की बुक दी गई।ततपश्चात सभी भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण की।आए सभी भक्तों का मित्र मंडल अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया,मित्र मंडल के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सुधार ने बताया कि सुंदरकांड मित्र मंडल की स्थापना 2015 में की इसकी शुरुआत विकास भूरा ने की,कोषाध्यक्ष भरत जोशी ने कहा ने कहा कि हमनें अबतक 8 सालो में कोयम्बटूर जिले में 700 से अधिक प्रत्येक रविवार को सभी समुदाय प्रवासियों के आग्रह पर निस्वार्थ भाव से सुंदरकांड मित्र मंडल द्वारा पाठ संगीमय के रूप में कर चुके है,यदि भक्तों द्वारा स्वेच्छा अनुसार पाठ करने पर जो राशि दी जाती वो गौमाता के लिए गौशाला में दी जाती है। संस्थापक विकास भूरा ने कहा कि विशेष धार्मिक अनुष्ठान के आग्रह मे सप्ताह के बीच मे व रविवार को भी मित्र मंडल द्वारा सुंदरकांड व हमारी टीम अपने खर्चे से जाती है नाकि प्रार्थना है।कहा कि ऐसे पाठ करने से हमारी हिन्दू संस्कृति,संस्कार बच्चों के लिए चेतना लाती है, कहते है कि सुन्दरकाण्ड पाठ से विवश होकर भी जिस हरि के नाम का कीर्तन करने पर मनुष्य सम्पूर्ण पापों से वैसे ही छूट जाता है,भगवान की महिमा सभी युगों में सदा ही सभी साधनों से अधिक है परंतु कलयुग तो




पैसे लेती है।अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त, बल, बुद्धि एवं विद्या के दाता भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं। संकट मोचन पवनपुत्र हनुमान जी आप सभी भक्तों की मनोकामना को पूर्ण कर आपको सुख समृद्धि का आशीष दें, ऐसी नामकी महिमा सर्वोपरि है।मित्र मंडल के उपस्थित सदस्य पवन पारीक,महावीर जोशी,सुभाष पारीक,प्रकाश घांची, सुभाष गौड़,राजा ने सभी भक्तों को इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल और भक्तिमय बनाने पर सादुवाद प्रकट किया।ये जानकारी दुर्गाराम पंवार द्वारा दी गई।

# मालनपुर क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया





**पुष्पांजली टूडे मालनपुर संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**

हनुमान जयंती पर मालनपुर में कोने कोने में जय श्रीराम के नारे लग रहे हैं सैकड़ों भक्त हनुमान चालीसा का पाठ मंदिरों पर कर रहे हैं उद्योग क्षेत्र इकाई जय मारुति में भजन संध्या आयोजन कराया गया जिसमें बाहर से कलाकार आए हनुमान जन्मउत्सव पर मालनपुर समस्त क्षेत्रवासियों ने गुरीखा चौकी हनुमान मंदिर पर जन्मोउत्सव मनाया मंदिर को फूलों से सजाया गया और हनुमान जी को छप्पन भोग लगाया एवं सुंदरकांड पाठ व सैकड़ों भक्तों ने कीर्तन भजन का किए एवं जगह जगह मंदिरों पर विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है गुरीखा चौकी स्थित हनुमान मंदिर पर समस्त भक्त जनों ने हवन पूजन कर हनुमान जी की रथ यात्रा निकाली जोकि 719 हाइवे से होकर गुरीखा होत हूए लटकन पुरा से हनुमान मंदिर पर आ कर समापन हुई रथ पर बैठे श्री राम स्वरूप मैं छोटे-छोटे बच्चे लक्ष्मण जी माता जानकी हनुमान जी जिनका रथ मंदिर पर पहुंचकर सभी ने भगवान की आरती उतार कर भक्तों ने आशीर्वाद लिया सैकड़ों भक्तों ने प्रभु के भजनों का आनंद लिया क्षेत्र में हनुमान जयंती पर भक्तों में उत्साह है और लोगों के घरों में भी रामायण पाठ के आयोजन किए गए हैं

# भाजपा के सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर 44 वा स्थापना दिवस एवं हनुमान जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया


**खरगोन से रिपोर्ट**
**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

बरूड में भाजपा मंडल द्वारा भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित होकर भाजपा का 44 वा स्थापना दिवस जोरदार एवं हनुमान जन्म उत्सव भी मनाया गया जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमावत विधानसभा क्षेत्र प्रभारी भगवानपुरा जगदीश जयसवाल भाजपा मंडल किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भगवान कुमरावत एवं बरूड के वरिष्ठ एवं युवा नेता नागरिक गण उपस्थित रहे जिसमें मीडिया प्रभारी सुनील दवाने इस स्थापना दिवस पर भाजपा के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही जगदीश जयसवाल ने बताया कि भाजपा का लक्ष्य है बूथ से लेकर प्रत्येक घर प्रत्येक व्यक्ति



तक भाजपा के कार्य की उपलब्धियां बताई बुथ से लेकर कार्यकर्ता तक यह कार्य पूर्ण किया। स्थापना दिवस एवं हनुमान जी जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नारे बाजी करते हुए अच्छी तरह मनाया गया

# कांग्रेस का इतिहास आंदोलनों का रहा है : डॉ. गोविंद सिंह



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है,कि कांग्रेस का इतिहास आंदोलनों से जुड़ा हुआ रहा है। कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि एक आंदोलन है। जिस पार्टी में स्व. माधवराव सिंधिया रहे और स्वयं श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रहे, उस पार्टी का इतिहास रातों रात गद्दारी से भरा हो गया यह बड़ेआश्चर्य की बात है।नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने कहा है,कि कल तक राहुल गांधी के खास रहे श्री सिंधिया जिस पार्टी के इतिहास को गद्दार बता रहे हैं उसी पार्टी से वे चार बार सांसद रहे, मंत्री रहे, उनके पिताजी भी इसी कांग्रेस पार्टी से सांसद रहे और केंद्रीय मंत्री रहे एवं श्रद्धेय राजमाताजी भी कांग्रेस से सांसद रही, तब कांग्रेस का इतिहास श्री सिंधिया को पता नहीं चला। अपने निजी स्वार्थो की वजह से कांग्रेस छोड़ने के बाद, अब गद्दारी दिखाई दे रही है।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब तक कांग्रेस सत्ता में रही, तब तक श्री सिंधिया कांग्रेस के साथ रहे और सत्ता जाते ही छोड़ के चल दिये। श्री सिंधिया की व्यक्तिगत विचारधारा सत्ता के साथ रहने और अपनी जमीन जायदाद बचाने की हैं सिंधिया स्कूल की जमीन का टैक्स बचाने, अपनी जमीनों को बचाने के लिए श्री सिंधिया ने कांग्रेस की सरकार गिराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि श्री सिंधिया को कुछ बोलने से पहले यह भी ख्याल रखना चाहिये कि जिस पार्टी का उन्होंने बर्षो सत्ता सुख भोगा उस पार्टी की विचारधारा को ही गद्दार बताने लग गए। खास कर तब, जब वे, उनके पिताश्री और उनकी दादी मां भी कांग्रेस में रही हों।

### टीबी से घबराए नहीं टीबी एक पूरी तरह ठीक होने बाली बीमारी हैं



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** डॉ महेश सिंह नरवरिया सीनियर मेडिकल ऑफीसर डीआर टीबी सेंटर जयारोग्य हॉस्पिटल ग्वालियर, यह एकमात्र डॉक्टर है ग्वालियर चंबल संभाग में जो की नॉर्मल टीबी के साथ-साथ बिगड़ी हुई टीबी के मरीजों को देखते है, ग्वालियर चंबल संभाग के बिगड़ी हुई टीबी (जैसे कि स्ष्ठक्र ञ्जक्रङ्गष्ठक्रञ्जक्रञ्जष्ठक्रञ्जक्र) के कई मरीजों को डॉक्टर नरवरिया ठीक कर चुके हैं, डॉक्टर नरवरिया का कार्य बहुत ही सराहनीय है, हम सब का एक ही नारा टीबी मुक्त हो देश हमारा

**डॉ महेश सिंह नरवरिया**
**टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर**
**खंगारराम मुलेवा**

**पाली जिले** के ग्राम धनला में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति धर्म नगरी धनला के प्राचीन बालाजी मंदिर में 51 किलो का रोट चढ़ा कर गांव और देश की खुशहाली की मन्नत मांगी गई श्री आई माताजी मन्दिर से ढोल नगाड़े और पारंपरिक गैर नृत्य के साथ पुरे गांव में भ्रमण करते हुए वरघोड़ा बालाजी मंदिर पहुंचा, जहां पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद भगवान को भोग लगाकर कर चूरमा भक्तो में वितरित किया गया!! इस संपूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार रमेश कुमार सुपुत्र वेनाराम भायल और केसाराम सुपुत्र दलाराम भायल रहे



# मोदी जी के अनुकरण विचारों को जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : देवेंद्र सिंह

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मध्यप्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पार्टी का स्थापना दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से प्रत्येक बूथ केंद्रों पर आयोजित किया गया सभी जिला एवं मंडलों भूत केंद्रों पर अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया वही पार्टी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने पार्टी के कार्यकर्ताओं वरिष्ठ नेताओं के साथ जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में पार्टी का ध्वजारोहण किया।भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहां की कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति और प्राणवायु है। जो सेवा भाव और पूर्ण रूप से संगठन के प्रति समर्पण होकर पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करते हैं।मिशन 2023 विधानसभा 2024 लोकसभा के लिए पार्टी कार्यकर्ता संकल्पित होकर प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक ताकत को मजबूत करें।भाजपा वह पार्टी है जिसके लिए राष्ट्रीय हमेशा सर्वोपरि रहा। हमारे पास लोकतंत्र की शक्ति है। भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया। भाजपा कार्यकर्ता और सरकार देश व प्रदेश के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। भाजपा सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अनुकरणीय विचारों को हमें प्रेरणा दी है हम प्रत्येक बूथ पर संगठित होकर हर समाज व्यक्ति तक पहुंचा कर अपनी विचारधारा से अवगत कराएं।जिले के 26 मंडलों के 1480 मतदान केंद्रों पर पार्टी का स्थापना दिवस के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जय इसी दिन बूथ अध्यक्ष द्वारा अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा वंदन किया कियासुबह बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन हेतु बूथ केंद्रों पर एकत्रीकरण, के साथ सीधा लाइव कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को सुनें। इसके लिए प्रत्येक बूथ केंद्र पर बड़ी स्क्रीन लगाकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी दिन वार्ड क्रमांक 37 कॉटेज इन कॉलोनी बूथ क्रमांक 179 संपन्न हुआ। स्थापना दिवस पर दीवाल लेखन कार्य का कार्यक्रम प्रारंभ होगा सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा इस कार्यक्रम का अपने अपने क्षेत्र से शुभारंभ करेंगे तथा जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष कार्यक्रम लेखन दीवाल लेखन के तहत पार्टी द्वारा निर्धारित नारों को लिखा गया।

**स्थापना दिवस पर इन संगठन वटवृक्ष नेताओं का हुआ सम्मान**-भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने पार्टी के स्थापना दिवस के तहत वरिष्ठ नेताओं का संगठन को वटवृक्ष की तरह खड़ा किया जिनमें भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया, पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, प्रदेश कार्यकारिणी




सदस्य डॉ रमेश दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे, पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश तिवारी, साल और श्रीफल एवं माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया। सभी मंचासीन नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजे गए केंद्र राज्य सरकार की विकास जन कल्याण योजनाओं का फोल्डर भी दिखाकर विमोचन किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया एवं आभार व्यक्त मंडल महाराणा प्रताप अध्यक्ष शेरू पचौरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू,सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भुजबल सिंह तोमर, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक आनंद बरुआ एडवोकेट, रविंद्र सिंह नरवरिया एडवोकेट संस्कृत प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनंत मनोज अनंत, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भदौरिया, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया, श्रीमती ममता भदौरिया आभा जैन, सीमा शर्मा विक्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट, पड़ा राजकुमारी जैन उमा कुशवाह, रोहित शाक्य, शेखर खटीक, मोनू नरवरिया, अतिराज सिंह नरवरिया, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कमेटी गठित**-भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बताया कि केंद्र और प्रदेश नेतृत्व के अनुसार सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम को जिले में संपन्न कराने के लिए 3 सदस्य जिला स्तरीय कमेटी नियुक्त की गई है जिसमें सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मनोज आनंद, भाजपा जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा, भाजयुमो के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया को शामिल किया गया है।

**सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत संगठनात्मक मोर्चा करेंगे विभिन्न कार्यक्रम**-अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया एवं जिला कार्यालय प्रभारी आरपी सिंह बघेल एडवोकेट ने बताया कि सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल से 14 अप्रेल तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 7 अप्रैल को भाजयुमो द्वारा चिकित्सा शिविर, रोजगार परामर्श शिविर का आयोजन एवं सच स्वच्छता का आयोजन किया जाएगा। 8 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिले में आत्मनिर्भर भारत के तहत जनजाति युवाओं को आत्मनिर्भर करने हेतु सम्मेलन कर लोगों को जागरूक करना एवं रोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी के साथ युवाओं को जागृत करना। अप्रैल को किसान मोर्चा द्वारा प्राकृतिक खेती पर जन जागरण अभियान चलाना, जिले की सभी इन नदियों के किनारे के गांव वह मंडल स्तर पर पैदल मार्च करके जन जागरण अभियान चलाना, 10 अप्रैल को महिला मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति समाज की महिलाओं के साथ से सह भोज कार्यक्रम आयोजित करना। 11 अप्रैल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती को मंडल एवं बूथ स्तर पर बनाना, 12 अप्रैल को चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य शिविर, 13 अप्रैल को जिले के सभी तालाबों की सफाई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए जल निकाय चर्चा की जाए। 14 अप्रैल को भाजपा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को जिला मंडल एवं प्रत्येक शक्ति केंद्र तक बनाना है सभी कार्यक्रमों के फोटो संगठन पर डाउनलोड करना भी अति आवश्यक है।

# ऐसा हो माहौल न निकलें झूठ के बोल



कहां से सीखा है झूठ बोलना? झूठ बोलने पर हर घर में, हर बच्चे का सामना इस सवाल से होता ही है। साथ ही यह प्रश्न अभिभावकों की नाराजगी और हैरानी दोनों लिये होता है। बच्चे का सच बोलने के बजाय बातें बनाना पेरेंट्स को दुखी भी करता है और चिंतित भी। साथ ही यह उलझन भी बढ़ जाती है कि बच्चा यह सीख कहां से रहा है? ऐसे में एक ताज़ा रिसर्च बड़ों का सच से सामना भी करवाती है और सचेत भी करती है। हाल ही में पोलैंड और कनाडा के शोधकर्ताओं ने पाया कि बच्चों की झूठ बोलने की आदत और बड़ों के बर्ताव का गहरा संबंध है। आमतौर पर अभिभावक बच्चों से हर बात में %हां% ही सुनना चाहते हैं। ऐसा न होने पर कभी सख्ती बरती जाती है तो कभी सजा बच्चों के हिस्से आती है। ऐसे में बच्चे पेरेंट्स को खुश करने के लिए भी झूठ बोलने लगते हैं। जरूरी है कि बचपन से जड़ें जमा लेने वाली इस गलत आदत को लेकर सोचा जाए। ताकि बच्चे सहज रूप से सच कह सकें।

**हिदायत नहीं, हल की बात :** बच्चे ज़्यादातर उस परिस्थिति में झूठ बोलते हैं, जब कोई गलती हो जाती है। कभी सजा से बचने के लिए तो कभी कोई बात छुपाने के लिए। आमतौर पर बालमन के इस दुराव-छिपाव के पीछे अभिभावकों की सख्ती का डर होता है। इतना ही नहीं, बच्चे जानते हैं कि उनकी गलती पकड़ी गई तो अनगिनत हिदायतें और बंधन लगा दिये जाएंगे। जैसे किसी दोस्त के घर में बच्चे के हाथ से कुछ टूट-फूट गया तो आगे से किसी के घर न जाने की हिदायत। बच्चों के मन पर ऐसी पाबंदी गहरा असर डालती है। इसीलिए उनसे सच सुनने के लिए पेरेंट्स को संतुलित रवैया अपनाना होगा। बच्चों को भरोसा हो कि आप उन्हें %जज% करने के बजाय उसकी उलझन या गलती को समझेंगे। साथ ही हिदायतें देने के बजाय सही हल भी सुझाएंगे।

**बड़ों के व्यवहार का असर :** घर के बड़े सदस्यों के बर्ताव का बच्चों के व्यवहार पर गहरा असर पड़ता है। अगर वे बात-बात में बड़ों को झूठ बोलते हुए देखते-सुनते हैं तो यह उनके लिए सहज सी बात हो जाती है। अध्ययन बताते हैं कि किसी परिस्थिति या आपसी संवाद के दौरान जाहिर की गई माता-पिता की प्रतिक्रियाओं से भी बच्चे सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश करना सीख जाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, बच्चे लगभग 3 साल की उम्र में झूठ बोलना सीखना शुरू करते हैं। उम्र के इस पड़ाव पर बच्चे समझने लगते हैं कि उनके आस-पास के लोग उनके दिमाग को नहीं पढ़ सकते। वहीं 4-6 साल की उम्र में बच्चे अपने चेहरे के हावभाव अपने शब्दों से मिलाना सीख जाते हैं। गौर करने वाली बात है कि इस आयुवर्ग के बच्चों का अधिकांश समय अपनों के बीच ही बीतता है, खासकर पेरेंट्स के साथ। ऐसे में अभिभावकों की सतर्कता जरूरी है। दुनियावी बर्ताव निभाने भर को कुछ अलग रंग-ढंग से कहना भी हो तो यह बच्चों के सामने न किया जाए। बच्चे अच्छे-बुरे का फर्क नहीं समझ पाते। न ही इंसानी जीवन से जुड़ी परिस्थितियों की उलझनों और बातचीत को। वे तो बड़ों के व्यवहार को देखकर बहुत कुछ सीखते जाते हैं। ऐसे में अभिभावक ही सच बोलकर उनके लिए आदर्श उदाहरण बन सकते हैं। साथ ही बच्चे के सच बोलने पर गुस्से के बजाय उसकी सराहना कर उसे हमेशा सच कहने को प्रोत्साहित भी कर सकते हैं।

**भावी जीवन में मुश्किल :** हर बात में झूठ बोलने की आदत हो जाना बच्चों की प्यारी शरारत भर नहीं है। यह उनके व्यक्तित्व पर दुष्प्रभाव डालने वाला व्यवहार है। जीवन को नकारात्मक दिशा देने वाला रुझान है। ऐसे में अभिभावकों की ज़िम्मेदारी अच्छी बातें सिखाने तक ही नहीं बल्कि बुरी आदतों से बचाने के मोर्चे पर भी अहम है। झूठ बोलने की आदत दूसरी बहुत सी गलत आदतों की जड़ बन जाती है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ चाइल्ड एंड एडोलेसेंट सायकाइट्री के मुताबिक, झूठ बोलना एक गंभीर मुद्दा बन जाता है जब एक जिम्मेदार समझदार बच्चा भी झूठ बोलने के पैटर्न में पड़ जाता है। बड़े होने पर यह व्यवहार और गंभीर हो जाता है। ऐसे बच्चों के जीवन का हर पक्ष प्रभावित होता है। पढ़ाई, कैरियर और रिश्तों-नातों के निर्वहन तक, उनके व्यवहार में आई झूठ बोलने की आदत मुश्किलें पैदा करती है। ऐसे में शुरुआती दौर में ही बच्चों को सच बोलने की सीख देना आवश्यक है। इस सीख को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का परिवेश अभिभावकों की ज़िम्मेदारी है।

# क्या आपके फ्रिज में भी आ चुकी हैं कोल्ड ड्रिंक की बोतलें ?

## ये नुकसान जान अभी निकाल फेंकेंगे!



गर्मियां शुरू होते ही सभी अपने आहार में बदलाव लाते हुए ऐसी चीजों को शामिल करते हैं को उनके मन को ठंडक प्रदान करें। ऐसा ही कुछ होता हैं कोल्ड ड्रिंक्स के साथ जिसका सेवन लोग गर्मियां आते ही करने लगते हैं। आजकल कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन बहुत अधिक बढ़ गया है। आज के दौर में कोल्ड ड्रिंक्स हर पार्टी की शान मानी जाती है। पार्टी में कोल्ड ड्रिंक न हो ऐसा हो ही नहीं सकता है। कई लोगों को तो कोल्ड ड्रिंक्स की लत लग जाती है और यह लत छुड़ानी मुश्किल होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस कोल्ड ड्रिंक को आप गर्मी से राहत पाने के लिए पीते हैं, वह आपकी सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि अगर आप कोल्ड ड्रिंक का सेवन करें तो आपकी सेहत को क्या क्या नुकसान हो सकता है।शुगर बढ़ने का खतराजब आप खाना खाते हैं तो आप खाने में कार्बोहाइड्रेट्स और अन्य पोषक तत्वों का सेवन करते रहते हैं, लेकिन जब आप इसके साथ कोल्ड ड्रिंक पीते हैं तो ड्रिंक की शुगर भी आपके शरीर में जाती है और आपके शरीर में शुगर की मात्रा ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए खाने से साथ ये ना लें।फैटी लीवर की समस्याकोल्ड ड्रिंक के सेवन से आपको फैटी लीवर की समस्या भी हो सकती है। आपको बता दें कि कोल्ड ड्रिंक में दो तरह की शुगर पाई जाती है। ग्लूकोज और फ्रुक्टोज ग्लूकोस बॉडी में तुरंत अब्सॉर्ब और मेटाबोलाइज़ हो जाता है। वहीं दूसरी तरफ फ्रुक्टोज केवल लिवर में जमा हो जाता है। ऐसे में आप अगर हर दिन कोल्ड ड्रिंक पी रहे हैं तो फ्रुक्टोज आप के लिवर में अतिरिक्त मात्रा में जमा हो जाएगा और लिवर पर असर डालेगा और इससे लिवर से जुड़ी समस्याएं पैदा होंगी।हड्डियां हो सकती हैं कमजोरसॉफ्ट ड्रिंक आपकी हड्डियों से कैल्शियम सोखने का काम करता है, जिससे हड्डियां कमजोर और भंगुर हो जाती हैं। सॉफ्ट ड्रिंक में फॉस्फोरिक एसिड मिला होता है जो कि एक अम्लीय होता है। ये हड्डियों से कैल्शियम सोख लेता है। कैफीन भी कैल्शियम सोखने का काम करती है जिससे हड्डियों पर बुरा असर पड़ता है।कैंसर का जोखिमआश्चर्यजनक रूप से कुछ अध्ययन इस बात की तरफ भी इशारा करते हैं कि अधिक मात्रा में कोल्ड ड्रिंक्स के सेवन की आदत कई ऐसी स्थितियों का भी कारण बन सकती है जो आपमें कैंसर के खतरे को बढ़ा देती है। 60,000 से अधिक वयस्कों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जो लोग प्रति सप्ताह 2 या इससे अधिक केन कोल्ड ड्रिंक्स पीते हैं, उनमें अग्नाशयी कैंसर विकसित होने की आशंका 87 फीसदी अधिक हो सकती है।मोटापे का जोखिम अधिक वजन किसी समस्या का कारण नहीं है, लेकिन इसकी वजह से हृदय और प्रतिरक्षा तंत्र पर दबाव पड़ने लगता है। जो बच्चे कोल्ड ड्रिंक को ज्यादा पीते हैं उनको मोटे होने का खतरा अधिक होता है। एक अध्ययन में पाया गया कि रोजाना कम कोल्ड ड्रिंक और सोफ्ट ड्रिंक पीने वाले मोटे बच्चों और किशोरों का वजन तेजी से कम हुआ।पेट के लिए हानिकारककई सारी कोल्ड ड्रिंक्स में कार्बन डाई ऑक्साइड मौजूद रहती हैं, जो पेट में जाते ही गर्मी की वजह गैस में बदलने लगती है। यही कारण है कि कोल्ड ड्रिंक पीते ही कुछ लोगों को तुरंत डकार आती है। सॉफ्ट ड्रिंक में मौजूद यह कार्बन डाई ऑक्साइड पेट के लिए एक ब्लीचिंग एजेंट की तरह काम करता है, जिसकी वजह से पेट में बनने वाले डाइजेस्टिव एंजाइम पर असर होता है। यही वजह है कि कई बार ज्यादा या रात के समय कोल्ड ड्रिंक पीने से सीने में जलन होने लगती है।दिमाग पर पड़ता है बुरा असरकोल्ड ड्रिंक्स में कैफीन भी होता है, जो एक तरह का एडिक्टिव कंपाउंड है। रिसर्च में पाया गया है कि कोल्ड ड्रिंक्स पीने के 5%0 मिनट के अंदर ही आपके शरीर में डोपामाइन का लेवल बढ़ जाता है। इस हार्मोन के कारण आपको थोड़ी देर खुशी महसूस होती है, जिसके कारण आप इसे और ज्यादा पीना चाहते हैं। मेडिकल न्यूज टुडे पर छपे एक लेख में इस नशीलेपन की तुलना हेरोइन के नशे से की गई है। इसलिए इसका असर आपके ब्रेन फंक्शन पर भी पड़ता है।दांत खराब होने की परेशानीसॉफ्ट ड्रिंक आपके दांतों के लिए बहुत नुकसानदायक है। सोडा में फॉस्फोरिक एसिड और कार्बोनिक एसिड होता है जो लंबे समय में दांतों के इनेमल को खराब कर सकता है। चीनी के साथ एसिड आपके मुंह में बैक्टीरिया को पनपने के लिए सही वातावरण तैयार करता है, जिससे कैविटी हो सकती है।गाउट की समस्यागाउट वह परिस्थिति है, जब शरीर में बहुत अधिक यूरिक एसिड जमा हो जाता है। इससे जोड़ों में सूजन और जलन होने लगती है।

# पेड़-पौधों का इलाज वृक्षायुर्वेद से



सुनने में थोड़ा अटपटा लग रहा होगा, लेकिन यह है सत्य। कीटनाशक के तौर पर अब आयुर्वेदिक पद्धति का इस्तेमाल भी होगा। अभी शोध चल रहे हैं और जल्दी ही इस दिशा में जरूरी कदम उठाए जाएंगे। असल में कीटनाशकों के छिड़काव से पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहे कीट-पतंगों को तो नष्ट किया जा सकता है, लेकिन कीटनाशक का असर मनुष्य पर भी पड़ता है। इसलिए अगर हम पेड़-पौधों के जरिये ही खेती-बाड़ी में आयुर्वेदिक कीटनाशकों का इस्तेमाल करें तो इससे दोहरा फायदा होगा। एक तो कीट-पतंगे मरेंगे और दूसरे इनसानों को भी नुकसान नहीं होगा। असल में अक्सर हम देखते हैं कि हमारे खेतों में कृत्रिम उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग बढ़ रहा है। इस बढ़ते प्रयोग के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति में कमी होना या मृदा के ह्रास की यह स्थिति और उत्पादकता दुनिया भर के लोगों के लिए चिंता का विषय है। सुरक्षित और स्वस्थ भोजन के लिए बढ़ती जागरूकता ने वृक्षायुर्वेद के महत्व को जाग्रत करने का प्रयास किया है। इसलिए ऐसी चीजों के उपयोग को न्यूनतम करने और कृत्रिम उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग को टालने के लिये वृक्षायुर्वेद को बढ़ावा देने की बात विशेषज्ञ कर रहे हैं। देखने में आता है कि खेती-बाड़ी के दौरान अनेक ऐसी खरपतवार उग आती हैं जिसके लिए हम कोई मेहनत नहीं करते। ऐसे कुछ पौधों का घोल बनाकर हम किसी खास खेती के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कार्यरत डॉ.सुरेंद्र भारद्वाज इसी तरह का एक शोधकार्य कर रहे हैं। वह बोटेनिकल गार्डन अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। उनका कहना है कि इंसानों को फसलों को नाना प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए प्रकृति में मौजूद हमारे आसपास वाले विभिन्न प्रकार के पौधों के हिस्सों के घोल का उत्पादन खुद शुरू कर अपने खेतों में प्रयोग करना चाहिए। डॉ भारद्वाज के 51 शोधपत्र विभिन्न जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने हाल ही में चने की फसल पर शोध किया है। उनका यह शोधकार्य जर्नल ऑफ फूड लेग्यूमस में प्रकाशित हुआ है। चने की फसल में फ्यूजेरियम विल्ट नामक रोग को उकठा रोग के नाम से भी जाना जाता है। चने की फसल को इस रोग से बहुत नुकसान होता है। बहुत तेजी से फैलने वाले इस रोग के कारण फसल की पैदावार में भारी कमी देखी जा सकती है। यह रोग फुसैरियम ऑक्सीस्पोरम एफएसपी सिसरिस फफूंदी के कारण पनपता है। इसकी रोकथाम के लिए किसान कुछ रासायनिक पदार्थों (थिरम और कार्बेन्डाजिम) का इस्तेमाल करते हैं जो कि मानव जाति और प्रकृति के लिए बहुत ही खतरनाक होते हैं। इस शोध में पाया गया कि पौधों के घोल से भी इस बीमारी को काबू किया जा सकता हैं। और पौधों से मानव जाति और प्रकृति पर किसी किस्म का दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ेगा।

# गर्मियों में शरीर की दुर्गंध दूर करने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



गर्मियों के मौसम में त्वचा के पसीने पर मौजूद बैक्टीरिया के कारण शरीर से गंध आने लगती है। अक्सर यह गंध आपको दूसरों के सामने शर्मसार कर देती है। इससे छुटकारा पाने के लिए ज्यादातर लोग परफ्यूम का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन इसका असर कुछ ही समय के लिए होता है। आइए आज हम आपको शरीर की गंध दूर करने के लिए 5 असरदार प्राकृतिक और घरेलू उपचार बताते हैं। सेब का सिरकासेब का सिरका अम्लीय होता है और यह एंटी-माइक्रोबियल गुणों के लिए जाना जाता है। इस कारण यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है और अंडरआर्म्स में पीएच स्तर को कम करता है। इसके अलावा यह शरीर के दुर्गंध को कम करता है क्योंकि यह पसीने के उत्पादन को भी कम देता है। लाभ के लिए सेब के सिरके में एक कॉटन बॉल डुबोएं और फिर इसे अपनी अंडरआर्म्स पर लगाएं। बेहतर परिणाम के लिए इसे दिन में 2 बार लगाएं। बेकिंग सोडा बेकिंग सोडा अंडरआर्म्स के पीएच स्तर को ठीक करके उन्हें ताजा और बैक्टीरिया से मुक्त रखता है। इस उपाय को करने के लिए अपने अंडरआर्म्स पर बेकिंग पाउडर को टैल्कम पाउडर की तरह थपथपाएं और कुछ देर के लिए छोड़ दें। इसके अलावा आप बेकिंग सोडा में पानी मिलाकर इसके पेस्ट को अंडरआर्म्स पर लगा सकते हैं और फिर इसके सूखने के बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें। टमाटर का रसटमाटर का रस एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर होता है, जो इसे शरीर की दुर्गंध से छुटकारा पाने के लिए एक प्रभावी उपचार बनाता है। यह आपके अंडरआर्म्स में अत्यधिक पसीने के उत्पादन और संचय को नियंत्रित करता है। इसके साथ ही यह गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया और संक्रमण को भी मारता है। लाभ के लिए टमाटर के रस में एक कपड़ा भिगोकर अपने अंडरआर्म्स पर लगा लें। नीम की पत्तियां नीम आयुर्वेद में सबसे अधिक मांग वाली जड़ी-बूटियों में से एक है, जो कई स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है। एंटी-सेप्टिक, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम शरीर की गंध को प्रभावी ढंग से दूर करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए 1 बड़ी चम्मच नीम की पत्तियों का पाउडर लें और फिर उसमें थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं और फिर सूखने के बाद इसे धो लें। नींबू का रस नींबू एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर होता है, जो दुर्गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया के विकास को कम करने में मदद कर सकता है। यह गुण शरीर की दुर्गंध को दूर करने के लिए इसे एक उत्कृष्ट घटक बनाता है। लाभ के लिए आधा नींबू निचोड़ें और इसके रस को अपने अंडरआर्म्स पर मलें। इसके बाद जब नींबू का रस अवशोषित हो जाए तो फिर इसे पानी से धो लें।

# सत्तू के व्यंजन

सत्तू का नाम भारत में नया नहीं है। सदियों से इस भोज्य पदार्थ का प्रचलन है। आज सत्तू का जायका भारत ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में पसंद किया जा रहा है। चीन, कोरिया, अफ्रीका में सत्तू के व्यंजन लोकप्रिय हो रहे हैं। ?प्राचीन ग्रंथों में सत्तू शब्द मिलता है। भोजपुरी में सतुआ, कश्मीरी में सोतु, कुमाउंनी में सातु-सत्तु, पंजाबी में सत्तू, गुजराती में सातू तथा हिन्दी में सत्तू-सतुआ इसके नाम हैं। ?इंडियन फास्ट फूड सत्तू सेहत के लिए भी अनूकूल है। इसे कहीं भी खाया जा सकता है। चरक संहिता में सत्तू सेवन ग्रीष्मकाल में बेहतर बताया है। चने को पानी में भिगोकर, सुखाकर भूना जाता है व फिर भुने जीरा, काली मिर्च के साथ पीसा जाता है। चने, जौ व मकई के सत्तू के कई व्यंजन बनाये जाते हैं।

**शर्बत :** सत्तू को अकसर पानी में घोलकर शर्बत के रूप में पिया जाता है। सत्तू के शर्बत में प्याज,चटनी, नींबू, मिर्च, जीरा डालकर आप इसे टेस्टी बना सकते हैं।

**लड्डू :** एक बाउल में करीब 200 ग्राम सत्तू, एक कप देसी घी और 400 ग्राम गुड़ डालें। गुड़ पिसा हुआ हो। सारी सामग्री मिलाकर गाढ़ा आटा तैयार कर लें। अब इसके पेड़े बनाकर 20 मिनट ठंडे स्थान पर रख दें। पौष्टिक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

**परांठे :** सत्तू से परांठे तैयार करने को 100 ग्राम सत्तू, 2 चम्मच तेल, एक प्याज, 3-4 कली लहसुन, जीरा, नमक और काली मिर्च स्टफ कर लें। साथ ही, नरम आटा गूंथ लें। छोटी-छोटी लोइयां बनाकर उनमें एक चम्मच सत्तू की स्टफिंग भर लें और बेलकर परांठा बना लें। सरसों के तेल का प्रयोग करें। दही या अचार के साथ गरमा गरम खायें।

**मखाना क्रीम के साथ सत्तू-अलसी का तीखा :** सत्तू 200 ग्राम, मक्खन 1 बड़ा चम्मच, अलसी 20 ग्राम, 10 मखाने, कुकिंग क्रीम 50 मिली , हरे प्याज 10ग्राम, अजवाइन 10 ग्राम, प्याज 20 ग्राम, लहसुन 10 ग्राम, 2 चम्मच जैतून तेल, चंद दाने चीनी।

**विधि =** सत्तू और अलसी को एक साथ मिला लें। इस मिश्रण को सफेद मक्खन में रगड़ें। इसमें नींबू का रस डालें। पानी डालकर इसका आटे गूंथ लें। पौना घंटे रखा रहने दें। यह आसानी ये जुड़ेगा नहीं, इसलिए सूखे आटे से चिपकाएं। इसे टार्ट शेल में रोल करें और ओवन में 180 डिग्री पर करीब आधा घंटे के लिए बेक करें। इस बीच, प्याज, अजवाइन, प्याज और लहसुन काट लें। एक कड़ाही लें और उसमें जैतून तेल डालें। कटी हुई सब्जियों को भूनें और क्रीम डालें। मखाने डालें और पकने दें। काली मिर्च बुरक इसे पके हुए टार्ट शेल में भरें।

# वैज्ञानिकों ने साबूदाने के पत्तों से बना डाली बिजली, गैस, कीटनाशक और खाद!?

दुनिया में चावल और मक्के के बाद मनुष्य के आहार में साबूदाना कार्बोहाइड्रेट का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है। मूल रूप से कसावा अथवा कैपियोका के नाम से जाना जाने वाला साबूदाने का भारत जैसे देश में बड़ा धार्मिक महत्व है। उपवास अथवा इसी तरह के अन्य धार्मिक आयोजनों में साबूदाने की खीर अक्सर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि साबूदाने के पौधे के पत्ते से न केवल बिजली बन सकती है बल्कि इससे रसोई गैस, कीटनाशक और खाद भी बनाई जा सकती है। सीटीसीआरआई तिरुअनंतपुरम के वैज्ञानिक डॉ. सी.ए. जयप्रकाश और उनकी टीम ने साबूदाने के पौधे के पत्तों से ये चारों चीजें बना डाली है। इन वैज्ञानिकों को अब अपनी इस खोज को बड़े पैमाने पर ले जाने और खासकर ऊर्जा संकट जैसे मौजूदा समय में देशवासियों के लिए एक उम्मीद की किरण दिखाने का इंतजार है। इन दिनों देश में ऊर्जा संकट किसी से नहीं छिपा है और खासकर मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी के बीच लोगों को लम्बे-लम्बे बिजली कट से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में सीटीसीआरआई के इन वैज्ञानिकों ने लोगों को उम्मीद की एक लौ जलाई है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत केरल भ्रमण के दौरान संस्थान के इन वैज्ञानिकों ने हिमाचल के पत्रकारों से बातचीत में इस खोज को लेकर अपने अनुभव साझा किए। इस खोज को मूर्त रूप देने वाले वैज्ञानिक डा. सी.ए. जयप्रकाश के अनुसार य खोज स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के लिए देश की पहल को नई गति प्रदान कर सकती है। उनकी इस खोज में परवाणु ऊर्जा विभाग भी सहयोगी बना है और शोध पर आने वाले खर्च का वहन कर रहा है। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध के अनुसार प्रति हेक्टेयर साबूदाने की फसल में लगभग 5 टन पत्ते और टहनियां बर्बाद हो जाती है। इन पत्तों और टहनियों को प्रयोग करके ही उन्होंने एक साथ बिजली, रसोई गैस, कीटनाशक और खाद बनाई है। वैज्ञानिकों की इस खोज को काफी सराहना भी मिली है। हालांकि इन वैज्ञानिकों द्वारा साबूदाने के पत्तों से तैयार किए गए जैव कीटनाशकों को बाजार में पहले से ही मौजूद कीटनाशक लॉबी फिलहाल आगे नहीं बढ़ने दे रही है।

# परमाणु ऊर्जा से उजाले की उम्मीद....कई पीढ़ियों के लिये खत्म हो सकता है बिजली संकट!



**चंडीगढ़।** इस समय देश के अधिकतर राज्य बिजली संकट से जूझ रहे हैं। अप्रैल के आखिर में बिजली गुल रहने से राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। ऐसा पहली बार नहीं था इससे पहले अक्तूबर, 2021 में भारत ने पांच साल में सबसे भयानक बिजली संकट देखा था। कारण है कि देश में बिजली की मांग उत्पादन क्षमता लगभग 400 गीगावॉट से कुछ ज्यादा है। दूसरी ओर जिस तरह से दिनों-दिन कोयले की समस्या गहरा रही है उसे देखते हुए केंद्र सरकार और बिजली मंत्रालय अस्थाई इंतज़ाम करने में जुटा है। लेकिन इनसे बिजली की किल्लत हमेशा के लिये खत्म नहीं होने वाली है बल्कि समय-समय पर ये फिर से सिर उठाती रहेंगी। ऐसे में नाभिकीय ऊर्जा से बिजली की पूरा करने की वकालत फिर से ज़ोर पकड़ रही है। परमाणु ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार अगले तीन सालों में एक साथ 10 परमाणु रिएक्टरों के निर्माण कार्यों को गति देने की बात कह चुकी है। इसी कड़ी में हरियाणा के गोरखपुर में भी नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र बनाया जा रहा है। हरियाणा की बात करें तो फतेहाबाद ज़िले के गोरखपुर में बन रही अणु विद्युत परियोजना को 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 2800 मेगावाट क्षमता के इस परमाणु विद्युत संयंत्र का निर्माण होने से प्रदेश व देश स्तर पर बिजली आपूर्ति होगी। इस संयंत्र में 700-700 मेगावाट की चार यूनिटों का निर्माण चल रहा है। यह संयंत्र 2800 मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगा। इस पर 47 हज़ार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## परमाणु ऊर्जा है विकल्प

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोयले की आसमान छूती कीमतें और बिजली की बढ़ती मांग के बीच एक बार फिर वैज्ञानिक परमाणु ऊर्जा के विकल्प पर विचार करने लगे हैं।

# केरेडारी पचड़ा के ग्रामीणों ने रांची स्थित प्रदूषण कार्यालय का किया घेराव, सीसीएल चंद्रगुप्त परियोजना के निमित्त किए गए पर्यावरणीय लोक सुनवाई रद्द करने की मांग

**रांची/केरेडारी।** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचड़ा के ग्रामीणों ने रांची मे स्थित प्रदूषण कार्यालय का घेराव किया और सीसीएल चंद्रगुप्त परियोजना के निमित्त किए गए पर्यावरणीय लोक सुनवाई रद्द करने समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग की गई। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे तथा मुख्य रूप से पूर्व मंत्री श्री योगेंद्र साव भी ग्रामीणों की मांग पर प्रदूषण कार्यालय पहुंचे। रांची पहुंचे लोगों ने प्रदूषण कार्यालय में विभाग के सदस्य सचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने यह उल्लेख करते हुए कहा है कि विगत दिनांक 21 फरवरी 2023 को सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना के तहत हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पगार चट्टी बारियातू में पर्यावरणीय लोक सुनवाई आयोजित की गई थी जोकि विस्थापित होने वाले गांव से काफी दूर की गई थी। सीसीएल के चंद्रगुप्त परियोजना के तहत पचड़ा के अनेकों हिस्सों में जमीन अधिग्रहण किया जाना है परंतु पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन उक्त क्षेत्र में ना करके ग्राम पगार में आयोजित किया गया जिसके कारण ग्रामीणों की मांगों पर विचार नहीं हो पाया क्योंकि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा इस संदर्भ में प्रचार प्रसार भी नहीं किया गया जिसके कारण लोग पर्यावरणीय लोक सुनवाई में शामिल नहीं हो पाए और जिस गांव की भूमि सीसीएल द्वारा खनन कार्य हेतु इस्तेमाल किया जाना है उस गांव में पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन नहीं करने से लगभग 75त्न विस्थापित ग्रामीण लोक जन सुनवाई में शामिल नहीं हुए और हमारी मांगों को



दरकिनार किया गया। इस प्रकार से जल प्रबंधन की मनमानी से हम ग्रामीणों के हक एवं अधिकारों का हनन करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका हम सभी रैयत पुरजोर विरोध करते हैं। ग्रामीणों ने 15 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए वन अधिकार अधिनियम का पालन करने, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत मुआवजा भुगतान पहले मुआवजा उसके बाद किसी प्रकार का कार्य रोजगार पर स्थिति स्पष्ट करने एवं ट्रेड यूनियन को हर प्रोजेक्ट में मान्यता देने, पुनर्वास की व्यवस्था समेत विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन दीया है।इस अवसर पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा की ग्रामीणों की मांगे जायज है सीसीएल प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों की मांगों को अनसुनी की गई जिस स्थान पर सीसीएल प्रबंधन को खनन कार्य करना है उस स्थान को छोड़कर काफी दूर में पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन किया गया जिससे ग्रामीण अपनी मांगों को सीसीएल प्रबंधन तक नहीं पहुंचा पाए इसलिए पर्यावरणीय लोक सुनवाई को रद्द किया जाए।मौके पर मुख्य रूप से प्रकाश राणा, नंदकिशोर राणा, कुलदीप साहू,मोहम्मद इम्तियाज, अजय कुमार राणा, संजय कुमार पासवान, महेंद्र साव,तिलेश्वर साव,देव चरण राणा, संतोष पासवान, प्रदीप कुमार ,सुरेश कुमार राणा, राजेंद्र पासवान, अजय कुमार, संतोष राणा,सुदेश्वर साव, संतोष कुमार प्रसाद (सनातन शेर संतोष कुमार भारत),गंधारी राणा, सुरेंद्र साव, बब्लू कुमार पासवान,पिन्टु कुमार,विनय कुमार,धनेश्वर कुमार, कन्हैया साव, जयनंदन साव, पूरन साव, दसनी देवी, आशा कुमारी, तनु कुमारी, मोश्र रियाज, जयप्रकाश साव, लाल बहादुर साव, ख्याली साव, विजय राना, आशा देवी, राजेंद्र पासवान , साबिर ,शुभम कुमार, तनु कुमार, भदेश्वर साव राहुल कुमार, टिकेश्वर कुमार, एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे

# गाड़िया लोहार के यूवाओं ने मनाया प्रतिज्ञा मुक्ति दिवस



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

**पाली।** गाड़िया लोहार समाज के युवाओं ने महाराणा प्रताप जन्मस्थली जूनी कचहरी महाराणा प्रताप प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर गाड़िया लोहार समाज ने शौर्य प्रतिज्ञा मुक्ति दिवस मनाया। प्रदेश मीडिया प्रभारी धनराज लोहार रोहट ने बताया की जब चित्तोड़ मुगलों के अधीन हुआ तब गाड़िया लोहार जाती ने प्रण लिया की जब तक चित्तौड़ स्वतन्त्र नहीं होगा तब तक वह चितौड़गढ़ के लिए स्वतंत्र करने के लिए सहयोग देते रहेगे इस तरह महाराणा प्रताप के साथी और साक्षी रहकर पांच प्रतिज्ञा ली थीं जो निम्न प्रकार की थीं।

1.बस्ती या जंगल कहीं भी पक्का घर बनाकर नहीं रहेंगे
2.खाट पर नहीं सोयेंगे
3. चित्तौड़गड़ किले पर नहीं चढेंगे
4. दीपक नहीं जलाएंगे
5.पानी खींचने का रस्सा नहीं रखेंगे

और इन्ही प्रतिज्ञा का पालन करते हुए गाड़िया लोहार जाति ने महाराणा प्रताप के साथ चितोड़ की स्वतंत्रता के लिया संघर्ष करते रहे 7

6 अप्रैल 1955 को मेवाड़ में महाराणा प्रताप के साथ जंग लडने वाले गाडिया लौहारों की 400 साल पहले की प्रतिज्ञा तुडवाने के लिए मेवाड़ प्रजामंडल के नेता माणिक्यालाल वर्मा ने देश के प्रधानमंत्री नेहरूजी को पत्र लिखा था।

और फिर देशभर में घुमक्कड जीवन जी रहे गाडिया लौहारों तक संदेश भेजकर यहां एकत्र किया गया। उनको मुश्किल से यह समझाया गया कि वे आजादी के जिस संकल्प के साथ कठोर जीवन यापन कर रहे, वो पूरा हो चुका है। अब आपका चित्तौड़ भी आजाद है। नेहरूजी चाहते थे कि इनका दुर्ग प्रवेश बहुत भव्य हो। उन्होंने अपना कार्यक्रम तय करने के साथ ही निर्देश दिए कि किले के हर दरवाजे पर एक मुख्यमंत्री अगवानी में खड़े रहे। सम्मेलन में हजारों समाज बंधु साक्षी बने थे। प्रधानमंत्री नेहरूजी के साथ राजस्थान के सीएम मोहनलाल सुखाडिया सहित सभी प्रमुख नेता व मेवाड़ के महाराणा भी मौजूद रहे। देशभर से आए इन गाडियालौहारों के स्वागत में 8 अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी आए। कार्यक्रम में प्रदेशमंत्री धनराज मेवचा पाली , सामाजिक कार्यकता , अशोक चौहान, भलाराम नान्दी, प्रेमचंद राठौड़, दिनेश चौहान , विक्रम वाघेला उपस्थित थे

# वेस्ट टू बेस्ट अभियान में पाली ब्लॉक की जेतपुरा विद्यालय तृतीय स्थान रही, जिला परिषद सीईओ शर्मा ने संस्था प्रधान चारण को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

### वेस्ट टू बेस्ट गतिविधि में जेतपुरा विद्यालय तृतीय स्थान पर

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान**

पाली । कलेक्टर नमित मेहता द्वारा जिले के राजकीय विद्यालय में चलाए जा रहे नवाचार अभियान ÷स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ विद्यालय के तहत वेस्ट टू बेस्ट गतिविधि में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जैतपुरा के पाली ब्लॉक में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीप्ति शर्मा द्वारा संस्था प्रधान करणीदान चारण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक करणीदान चारण ने बताया कि कलेक्टर नमित मेहता की प्रेरणा से पाली जिले के राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों में स्वास्थ्य व पर्यावरण के प्रति बेहतर आदतें विकसित करने के उद्देश्य से ÷स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ



विद्यालय÷अभियान की पहल की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों में कक्षा कक्ष,विद्यालय परिसर, व्यक्तिगत स्वच्छता सहित विभिन्न आदतों का बेहतर विकास हो।

**विद्यालय के सौंदर्य व पर्यावरण में महती भूमिका** –इसी अभियान के तहत ÷वेस्ट टू बेस्ट÷ गतिविधि के तहत छात्रों द्वारा अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तु बनाना ,इकोब्रिक्स निर्माण करना ,प्लास्टिक बोतल,पॉलीथिन ,खाली डिब्बे से उपयोगी व सृजनात्मक सामग्री का निर्माण कर विद्यालय सौंदर्य व पर्यावरण में महती भूमिका निभाई जाती है ,पाली कलेक्टर की सार्थक पहल से विद्यालय में काफी सुधार व बदलाव हुए हैं विद्यार्थियों की नियमित स्वास्थ्य जांच व इलाज से काफी लाभ हुआ है।

# "समाधान आपके द्वार" कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु किया गया व्यापक प्रचार-प्रसार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** समाज के निर्धन तथा वंचित वर्गो को सुलभ एवं समुचित तरीके से त्वरित न्याय दिलाने तथा ''न्याय सभी के लिए'' संकल्प को आगे बड़ाते हुए मा. न्यायमूर्ति रोहित आर्या प्रशासनिक न्यायमूर्ति म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर एवं सह-अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर द्वारा ''समाधान आपके द्वार'' अभियान का आरंभ किया गया है। इस संकल्प को आगे ले जाने तथा अभियान की अधिकतम सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड पूर्णतः वचनबद्ध है।''समाधान आपके द्वार'' योजना को आमजनों तक पहुंचाने




हेतु दो दिवसीय व्यापक प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके क्रम में पैरालीगल वॉलेंटियर्स बृजेन्द्र कुमार एवं सुमित यादव के माध्यम से तहसील भिण्ड एवं अटेर के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में निवासरत आमजनों को ''समाधान आपके द्वार'' योजना का मूल उद्देश्य एवं लाभों के संबंध में व्यापक जानकारी दी गई, पैम्पलेट्स आदि वितरित किए गए, साथ ही उन्हें अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण ''समाधान आपके द्वार'' योजना के अंतर्गत कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं सुनील दण्डौतिया जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ग्राम बिलाव जिला भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।उक्त शिविर में ग्रामीणजन को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने तथा बदलती जलवायु के कारण उत्पन्न बिमारियों से दूर रहने की सलाह दी गई। खुले में शौच न करने तथा शौच पश्चात् साबुन से या राख से हाथ धोने, भोजन करने से पहले तथा भोजन करने के पश्चात् हाथ को अच्छी तरह से धोयें ताकि नुकसानदायक वैक्टीरिया भोजन के साथ हमारे शरीर में प्रवेश न करें, संबंधी सलाह ग्रामीणजनों को पैरालीगल वॉलेंटियर्स सुमित यादव तथा बृजेन्द्र कुमार द्वारा दी गई। मानव जीवन में स्वास्थ्य से बड़कर और कुछ नहीं है इसलिए हमें साफ-सफाई से रहना चाहिए और अपने स्वास्थ्य तथा खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि हम स्वस्थ रहें और किसी भी बीमारी से ग्रसित न हों, की सलाह भी प्रदाय की गई।

# छेंकुर वाले हनुमान जी मंदिर पर हुआ विशाल दंगल एवं मेले का आयोजन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद के प्रशिद्ध छेंकुर बालै हनुमानजी मंदिर पर विशाल दंगल एवं मेले का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से ही मेला प्रारंभ हो गया एवं मंदिर में सुंदर सजावट की गई जहां सुंदर झांकियां भी लगी दोपहर 2ः00 बजे से मेला में ही दंगल शुरू हुआ जिसमें ग्वालियर भिंड मुरैना लहर पंजाब हरियाणा सहित जगह-जगह के पहलवान आए एवं महिला पहलवानों ने भी अपने दांवपेच गोहद दंगल में दिखाएं जिसमें अंतिम कुश्ती हरिकेश पहलवान हिंद केशरी और छोटू पहलवान वाह आगरा के बीच अंतिम कुश्ती हुई हरकेश पहलवान विजई रहे पहलवान बिजेंद्र गुर्जर कठुवां गुर्जर और कानपुर के पहलवान के बीच जनपद सदस्य थानसिंह गुर्जर की ओर से कराई गई जिसका पुरस्कार 5100 रखा गया जिसमें बिजेंद्र सिंह गुर्जर विजई रहे

# डॉ.श्रीमती पुष्पा लाल की प्रथम पुण्यतिथि पर किया याद

**रीतेश अवस्थी**



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले की वरिष्ठ समाजसेविका स्वर्गीय डॉक्टर श्रीमती पुष्पा लाल की प्रथम पुण्यतिथि पर आधार शिला संस्थान के सभागार में मनाई गई और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए संस्था सहकर्मियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित रही स्व. डॉ श्रीमती पुष्पा लाल ने समाज सेवा के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य कियकरीब विधवाओं कमजोर वर्ग की हमेशा मदद की आज उनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों को हर कोई याद कर रहा है जो समाज सेवा की अलख जगाकर वे गई थी उस परंपरा को आज भी उनके परिवार के लोग कायम किये हुए है।

# गोहद पुलिस द्वारा 5 अपराधियों को किया गिरफ्तार पांच मोटरसाइकिल एक कट्टा बरामद



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पुलिस महानिरीक्षक महोदय चम्बल जॉन मुरैना के द्वारा आर्म्स एमुनेशन के विरुद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में एसडीओपी गोहद सौरव कुमार के नेतृत्व में थाना गोहद पुलिस द्वारा पार्टी बनाकर मुखबिर की सूचना पर 05 आदतन अपराधियों को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार कर 05 मोटारसाईकिलें जिले के अलग- अलग थानों की व एक 315 बोर का कट्टा मय एक जिन्दा राउन्ड के जप्त किया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है अभी इन आरोपियों कब्जे से और भी मोटरसाईकिल बरामद होने की संभावना है। जिनमें मोटरसाइकिल दो प्लेटीना ,एक हीरो स्प्लेण्डर प्लस,हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्रो ,एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल जब्त की हैं उक्त कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारी / कर्मचारीगण जिना निरीक्षक राजकुमार शर्मा, उनि ध्यानेन्द्र सिंह, सउनि कौशलेन्द्र सिंह, आर, मनोज शर्मा, आ धर्मेन्द्र सिंह, आर0 नीरज शर्मा, आर. सत्यनारायण सिंह भदौरिया, आर. पदम सिंह, आर0 जीतेन्द्र कदम, आर0 विजय की सराहनीय भूमिका रही है ।

# नवागत कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने दमोह पहुंचकर गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व आप नीमच में कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहे। कलेक्टर ने पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान एडिशनल कलेक्टर नाथूराम गौ?, एसडीएम गगन बिशेन, जनसम्पर्क अधिकारी श्री कुरैशी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके बाद जिले के समस्त अधिकारियों एवं पत्रकारों से उन्होंने भेंट की।



# देवी भक्ति और आस्था में डूबे नजर आए हटा विधायक पी एल तंतवाय... मुंह मे छिदवाया

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह/हटा।** भाजपा विधायक पीएल तंतुवाये मां जगत जननी की भक्ति में लीन नजर आए ,विधायक ने देवी पूजा के दौरान जवारों के साथ मुंह में आर पार बाना छिंदवाया और बाना धारण करके चल समारोह में शामिल हुए। हटा नगर में घट स्थापना करने वाले नन्दू पंडा के दिवाले से मां



कलेही के जवारों की शोभायात्रा में विधायक शामिल हुए और अन्य भक्तों के साथ अपने मुंह मे लोहे की नुकीली जिसे बाना कहा जाता है।विधायक ने मुंह मे बाना छेदकर उन्हें धारण कराया। बताया गया है कि नगर में चैत्र पूर्णिमा को मां कलेही के जवारों में शोभायात्रा चल समारोह का आयोजन किया जाता है। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करके सुनार नदी में जवारों को विसर्जित किया जाता है।

धोनी ने सी एस के बॉलर्स से कहा, वाइड-नो बॉल मत फेंको

# ये मेरी चेतावनी है, वरना नए कप्तान के साथ खेलने को तैयार रहना

**चेन्नई।** ढ्ढक्क में सोमवार रात को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 12 रन से जीतने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (छ्स्य) के कप्तान एमएस धोनी ने अपनी ही टीम के गेंदबाजों को चेतावनी दी है। मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान धोनी ने कहा कि, हमें तेज गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। सामने वाली टीम क्या कर रही है, यह भी देखना महत्वपूर्ण है। जरूरी है कि टीम के प्लेयर नो बॉल नहीं डाले और वाइड बॉल कम करे। हम एक्स्ट्रा रन बहुत ज्यादा दे रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मेरी दूसरी चेतावनी होगी और उसके बाद टीम को नए कप्तान के साथ खेलना होगा। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आखिरी ओवर फेंक रहे मार्क वुड की बॉल पर लगातार दो छक्के जड़े। पहली पारी में छ्स्य के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 2 गगनचुम्बी छक्के लगाए। उन्होंने पारी के 20वें ओवर में मार्क वुड की दूसरी बॉल पर डीप पॉइंट और तीसरी बॉल पर स्क्वेयर लेग की दिशा में छक्का लगाया। वह अगली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके साथ ही धोनी ढ्ढक्क मैच के आखिरी ओवर में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाज



हैं। धोनी के बैटिंग पर आते ही चेपॉक स्टेडियम में %धोनी... धोनी...% के नारे गूंजने लगे। उन्हें सपोर्ट करने के लिए दर्शकों ने अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट भी चालू की। धोनी के छक्कों के बाद छ्स्य ने 217/7 के स्कोर पर अपनी पारी खत्म की। महेंद्र सिंह धोनी ने चेपॉक में 3 बॉल पर 2 छक्कों की मदद से 12 रन बनाए। इसके साथ ही उनके ढ्ढक्क में 5,000 रन भी हो गए। वह ऐसा करने वाले 5वें भारतीय और ओवरऑल 7वें खिलाड़ी बने। धोनी ने इसके लिए 237 मैच लिए। धोनी ने अपनी पारी में दोनों छक्के 20वें ओवर में ही लगाए। ढ्ढक्क के 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों में वह पहले नंबर पर हैं। उनके नाम कुल 55 छक्के हैं। धोनी के बाद कायरन पोलार्ड के नाम 33, रवींद्र जडेजा के नाम 26 और हार्दिक पंड्या के नाम 25 छक्के हैं। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा 23 छक्कों के साथ इस लिस्ट में पांचवें नबंर पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने ढ्ढक्क 2023 छठे मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 12 रन से हराया। टीम करीब चार साल बाद अपने होम ग्राउंड चेपॉक पर खेल रही थी। यहां यलो आर्मी ने पिछले 22 मैचों में 19वीं जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही हेड टु हेड में चेन्नई की टीम लखनऊ की बराबरी पर आ गई है। यह दोनों के बीच दूसरा मैच था। पहला मैच लखनऊ ने जीता था। लखनऊ ने टॉस जीता और गेंदबाजी को चुना। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 217 रन बनाए। टीम ने ढ्ढक्क में 24वीं बार 200+ को स्कोर बनाने का कारनामा भी किया। जवाब में लखनऊ के बैटर्स 20 ओवर में 7 विकेट पर 205 रन ही बना सके।

पाकिस्तान के उसामा ने एक ओवर में बनाए 34 रन

## डोमेस्टिक टूर्नामेंट में एक ओवर में लगाए 5 छक्के और 1 चौका

शानदार बॉलिंग परफॉरमेंस करने के बाद उसामा मीर चर्चा में है। लेकिन, इस बार उन्होंने पाकिस्तान के डोमेस्टिक टूर्नामेंट घनी रमजान टूर्नामेंट में बल्ले से कमाल दिखाया और एक ओवर में 34 रन बनाए। इसमें उन्होंने 5 छक्के और एक चौका लगाया। कराची वारियर्स के खिलाफ 2 अप्रैल को हुए मुकाबले में इस बल्लेबाज ने 20 बॉल में 66 रन बनाए। उसामा की पारी त्रढ्ढष्ट और कराची वारियर्स के बीच मैच के दौरान आई। दोनों टीमें घनी रमजान टूर्नामेंट का



हिस्सा है। टूर्नामेंट रमजान के महीने के दौरान आयोजित किया जाता है। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेती है, और हर टीम को दो विदेशी खिलाडी के साथ खेलने की इजाजत होती है। घनी रमजान टूर्नामेंट में कुछ समय से पाकिस्तान के नेशनल टीम के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी भी देखने को मिल रही है। इसमें बाबर आजम, शादाब खान, इहसानउल्?लाह, आजम खान, उस्?मान कादिर, उमर अकमल, अहसान अली और आबिद अली जैसे बड़े खिलाडी भी हिस्सा ले रहे है। टूर्नामेंट को प्राइवेट क्रिकेट इंस्?टीट्यूट इस टूर्नामेंट का आयोजन करती है। उसामा मीर से पाकिस्तान सुपर लीग में जलवा बिखेरा था। उसामा मुल्तान सुल्तान टीम के खिलाडी है। इस सीजन उन्होंने बल्कि गेंद से कमाल दिखाया। उसामा ने 12 मैच में 17 विकेट लिए और 7.93 का शानदार इकॉनोमी रखा।

आई पी एल में नहीं खेलेंगे शाकिब अल हसन

## इंटरनेशनल क्रिकेट और व्यक्तिगत कारणों की वजह से बाहर

**कोलकाता।** इस साल ढ्ढक्क सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स को दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा है। पहले टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने चोट के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया। अब टीम के स्टार ऑलराउंडर भी ढ्ढक्क में टीम के साथ नहीं होंगे। स्पोर्ट्स वेबसाइट क्रिकबज के मुताबिक बांग्लादेश के कप्तान शाकिब ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। शाकिब के मुताबिक, उन्हें अभी बांग्लादेश की ओर से आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है। इसके बाद व्यक्तिगत कारणों की वजह से वह इस साल टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं लेंगे। दूसरी ओर चयक्र और बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी लिटन दास भी आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलने के बाद ही चयक्र के कैंप को जॉइन करेंगे। ढ्ढक्क 2023 की नीलामी में चयक्र ने शाकिब अल हसन को 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा था।



क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रेंचाइज और शाकिब के बीच सीजन के पहले से ही अटकले चल रही थी। क्चष्टक्च यानी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शाकिब और लिटन दस को रिलीज करने से इंकार कर दिया है। ताकि, दोनों मीरपुर टेस्ट का हिस्सा बन सके। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि, बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच 9 मई से 3 वनडे की सीरीज होनी है। इस कारण लिटन दास 1 मई तक ही टीम के साथ जुड़ सकते है। लिटन दस को चयक्र ने 50 लाख रुपए के बेस प्राइज पर खरीदा था। लिटन ने चयक्र मैनेजमेंट को सूचित कर दिया है कि वह लीग के लिए खेलेंगे। वे 10 अप्रैल को कोलकाता पहुंच जाएंगे।

## ब्रावो से डेथ ओवरों की गेंदबाजी कौशल सीख रहा हूं: देशपांडे

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि डेथ ओवरों की गेंदबाजी आसान काम नहीं है और वह अब भी इस कौशल को सीख रहे हैं। लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मैच में इस 27 वर्षीय गेंदबाज ने दो विकेट लिए लेकिन इसके साथ ही चार वाइड और तीन नोबॉल भी की जिससे उनके कप्तान महेंद्र सिंह धोनी नाखुश थे। देशपांडे ने चेन्नई की जीत के बाद पत्रकारों से कहा, डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना आसान काम नहीं है। मैं अभी इसे सीख रहा हूं। उन्होंने कहा, हमारे पास गेंदबाजी कोच के रूप में ड्वेन ब्रावो हैं जो डेथ ओवरों के बेहतरीन गेंदबाज थे। मैं उनसे सीखने की कोशिश कर रहा हूं। ब्रावो ने वर्षों तक चेन्नई के लिए जो भूमिका निभाई मेरी भूमिका भी कुछ उसी तरह से है। मैं उनकी जगह नहीं ले सकता लेकिन मैं उनसे स्लॉग ओवरों की गेंदबाजी सीख रहा हूं। देशपांडे ने कहा कि वह हर दिन अपने खेल में सुधार कर रहे हैं और एक गेंदबाज के रूप में निखर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा



मानना है खेलने का मौका मिलना या नहीं मिलना यह मेरे हाथ में नहीं है। लेकिन मेरे हाथ में यही है कि मैं हर दिन अपने खेल में सुधार करूं इसलिए मैं इस पर ध्यान दे रहा हूं। मैच का अंतिम ओवर करने वाले देशपांडे ने कहा, मैं वर्तमान में विश्वास करता हूं जो बीत गया वह अतीत की बात है। टी20 क्रिकेट में नोबॉल करना अपराध है लेकिन अगर मैं इसी बारे में सोचता रहता तो हो सकता था कि 10 अतिरिक्त रन दे देता और परिणाम दूसरी टीम के पक्ष में जा सकता था। इस बीच लखनऊ के गेंदबाजी कोच मोर्नें मोर्कल ने कहा कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड उपमहाद्वीप विशेषकर आईपीएल में अभी अपने पांव जमा रहे हैं। वुड ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट लिए थे लेकिन सोमवार को वह नहीं चल पाए थे। मोर्कल ने कहा, मार्क वुड 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है। वह आक्रामक लेंथ से गेंदबाजी कर रहा है। वह हमारा स्ट्राइक गेंदबाज है। मेरे लिए यह जरूरी है कि मैं उसे बताऊं किस तरह की पिच पर हमें उससे क्या उम्मीद है। यह आईपीएल में उसका केवल तीसरा मैच है। वह अभी उपमहाद्वीप में अपने पांव जमा रहा है विशेषकर आईपीएल में जिसमें छोटी सी गलती भी आपको मुश्किल में डाल सकती है।

## मेयर्स-वुड चमके, घरेलू मैदान पर लखनऊ की जीत



**लखनऊ।** सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स (73) के विस्फोटक अर्द्धशतक और मार्क वुड (14/5) की नायाब गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर खेलते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाये। इसके जवाब में दिल्ली 143 रन तक ही पहुंच सकी। मेयर्स ने 14 रन के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद मौके का पूरा फायदा उठाया और 37 गेंद पर 73 रन जड़ डाले। उनकी इस पारी में दो चौके और सात छक्के शामिल रहे, जिसके दम पर लखनऊ खराब शुरुआत के बावजूद 193 रन बना सका। दिल्ली ने इसके जवाब में तेज शुरुआत की लेकिन वुड की घातक गेंदबाजी का उनके पास कोई जवाब नहीं था। वुड ने चार ओवर में मात्र 14 रन देकर पांच विकेट लिये। दिल्ली की ओर से डेविड वॉर्नर ने सर्वाधिक 56 रन बनाये, हालांकि उन्होंने इसके लिये 48 गेंदें खेलीं।

डगआउट पर ऋषभ की जर्सी टांगने पर बी सी सी आई नाखुश

## कहा - खिलाड़ी के सिर्फ चोटिल होने पर जर्सी टांगना ठीक नहीं, आगे से ऐसा न करे




शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने डगआउट में पंत की जर्सी टांगी थी। ढ्ढक्क में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स का ऋषभ पंत को ट्रिब्यूट देने पसंद नहीं आया। दरअसल पहले मैच में पंत के सम्मान में उनकी जर्सी को पवेलियन के ऊपर टांग दिया था। न्यूज एजेंसी क्कञ्जढ्ढ के सोर्स के मुताबिक ब्चष्टष्टढ्ढ को दिल्ली कैपिटल्स का सम्मान देने के लिए यह तरीका पसंद नहीं आया। ब्चष्टष्टढ्ढ के एक अधिकारी ने कहा कि, इस तरह का सम्मान किसी बड़ी घटना या रिटायरमेंट के बाद दिया जाता है। पंत के केस में दोनों में से कुछ नहीं हुआ है। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को आगे से ऐसा नहीं करना चाहिए। ऋषभ पंत मंगलवार को दिल्ली में होने वाले गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबला देखने आ सकते है। इसके लिए फ्रेंचाइज को ब्चष्टष्टढ्ढ की एंटी करप्शन एंड सिक्योरिटी यूनिट से इजाजत लेनी होगी। इजाजत मिलने पर ऋषभ डगआउट में भी बैठ सकते है। ढ्ढक्क के एक सोर्स ने क्कञ्जढ्ढ को बताया कि, ऋषभ हमेशा से ही दिल्ली कैपिटल्स के लिए टीम का एक अभिन्न हिस्सा रहे है। उम्मीद है की गुजरात के खिलाफ वह टीम में अवेलेबल रहेंगे। वह टीम के मालिक के साथ ङ्कढ्ढक्क बॉक्स में होंगे, लेकिन संभावना है कि वह कुछ देर के लिए डगआउट में भी आ सकते है। ढ्ढक्क के हर सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अलग जर्सी के साथ खेलती है। इस सीजन भी टीम ढ्ढक्क में एक मैच के दौरान हर जेर्सी पर पंत के नंबर के साथ खेलेगी। इसके साथ ही टीम की जेर्सी का कलर भी अलग होगा। हालांकि, नंबर जेर्सी के एक कोने में छोटे अक्षर में होगा यह खिलाड़ियों के नंबर रूल का उल्लंघन नहीं करेगा। पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब तक खेले 98 मैचों में 34.61 की औसत से 2,838 रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं। दरअसल 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग में इस बार ऋषभ पंत खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। पिछले साल 31 दिसंबर को दिल्ली से अपने घर रुड़की जाते वक्त पंत के कार का एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उन्हें गंभीर चोटें आई थी। उनके घुटने का ऑपरेशन हुआ है।

## सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद पंजाब किंग्स की चुनौती के लिए तैयार रॉयल्स

**गुवाहाटी।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरा राजस्थान रॉयल्स अपनी संतुलित टीम के दम पर बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। पिछले साल के उप विजेता रॉयल्स ने 72 रन की जीत के दौरान रविवार को हैदराबाद की टीम को खेल के हर विभाग में पछाड़ा। सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर तथा कप्तान संजू सैमसन के अर्धशतकों से रॉयल्स के बल्लेबाजों ने दबदबा



बनाया। टीम ने इसके बाद युजवेंद्र चहल (17 रन पर चार विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (21 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से सनराइजर्स के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। पंजाब किंग्स ने भी हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मोहाली में डकवर्थ - लुईस पद्धति के तहत सात रन की जीत के दौरान अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्षमता की झलक पेश की जिससे बुधवार को गुवाहाटी में होने वाले मुकाबले के रोमांचक होने की उम्मीद है। यह मैच रॉयल्स का %घरेलू' मैच होगा और पूर्वोत्तर को पहली बार आईपीएल मुकाबले की मेजबानी का मौका मिलेगा। रॉयल्स की बल्लेबाजी में गहराई है। युवा यशस्वी ने 37 गेंद में 54 रन की पारी के दौरान दर्शाया कि वह कितनी तेजी से परिपक्व हुए हैं जबकि बटलर ने पिछले सत्र की फॉर्म को बरकरार रखते हुए 22 गेंद में 54 रन की पारी खेली। मध्य क्रम में हालांकि देवदत्त पडिक्कल और रियान पराग सस्ते में आउट हुए लेकिन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। रॉयल्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आती है। टीम के पास बोल्ट के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है। इसके अलावा दो दिग्गज भारतीय स्पिनर चहल और रविचंद्रन अश्विन भी टीम का हिस्सा हैं और पंजाब की टीम को पता है कि इनके खिलाफ बारसापारा स्टेडियम में उनकी राह आसान नहीं होगी। पंजाब के पास शीर्ष क्रम में शिखर धवन के रूप में अनुभवी भारतीय बल्लेबाज है।

आई पी एल में आज जीटी बनाम डीसी

## लीग के इतिहास में दूसरी बार आमने-सामने होंगी, जानें पॉसिबल प्लेइंग-11 और इम्पैक्ट प्लेयर

**दिल्ली।** गुजरात टाइटंस (त्रञ्ज) मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट) के खिलाफ उतरेगी। मैच शाम 7-30 बजे से खेला जाएगा। पहला मैच हारने के बाद दिल्ली का फोकस इस सीजन में वापसी करने पर होगा। वहीं सीजन की पहली जीत के बाद गुजरात के इरादे मजबूत हैं। दोनों टीमें लीग के इतिहास में दूसरी बार ही आमने-सामने होंगी। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात ने इस सीजन की शुरुआत जीत के साथ की। टीम ने घरेलू मैदान पर अपने पहले मुकाबले में चेन्नई को 5 विकेट से हराया। तब शुभमन गिल और राशिद खान ने उम्दा प्रदर्शन किया था। ष्ठष्ट के खिलाफ टीम के 4 विदेशी जोश लिटिल, डेविड मिलर, राशिद खान और अलजारी जोसेफ हो सकते हैं। इनके अलावा हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, यश दयाल और मोहम्मद शमी जैसे टॉप क्लास भारतीय खिलाड़ी भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को अपने पहले मुकाबले में लखनऊ के खिलाफ 50 रन




से हार का सामना करना पड़ा था। टीम उस हार को भूलकर इस मैच पर फोकस करना चाहेगी। त्रञ्ज के खिलाफ टीम के 4 विदेशी खिलाड़ी डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, एनरिक नॉर्त्या और रोवमन पावेल हो सकते हैं। इनके अलावा पृथ्वी शॉ, चेतन साकरिया और अक्षर पटेल जैसे भारतीय खिलाड़ी भी टीम को मजबूती दे रहे हैं। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का यह लीग में दूसरा ही सीजन है। पहले सीजन में टीम ने सभी को चौंकाते हुए टॉप किया था। तब दोनों टीमें लीग स्टेज में 1 बार भिड़ी थीं। उस मुकाबले को गुजरात ने जीता था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पिच आमतौर पर बल्लेबाजों को मदद करती है। यहां आखिरी टी-20 मैच टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था। दोनों टीमों ने 200 से अधिक रन बनाए थे। इस तरह यह हाई स्कोरिंग मैच हो सकता है। दिल्ली में मंगलवार को मौसम साफ रहेगा। बारिश की संभावना नहीं है। यहां का टेम्परेचर 19 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। गुजरात टाइटंस- हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), विजय शंकर, राहुल तेवतिया, मोहम्मद शमी, राशिद खान, डेविड मिलर, जेशुआ लिटिल, यश दयाल और अल्जारी जोसेफ। दिल्ली कैपिटल्स- डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, मनीष पांडे, मिचेल मार्श/राइली रुसो, सरफराज खान (विकेटकीपर), रोवमन पावेल, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, चेतन साकरिया, खलील अहमद और एनरिक नॉर्त्या।

# बेरोजगारी दूर करने का दमखम है कृषि में

कोरोना महामारी के दौरान जिस तरह देश ने प्रवासी मजदूरों का घर-वापसी पलायन देखा, उसके बाद आई आवधिक श्रमिक बल सर्वे की रिपोर्ट बताती है कि खेत मजदूरों की संख्या में 3 फीसदी का इजाफा हुआ है, यह गिनती वर्ष 2018-19 में 42.5 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 45.5 फीसदी हो गई। जिस कृषि क्षेत्र को इन तमाम सालों में जान-बूझकर दीन-हीन बनाकर रखा गया है, वह आज भी 40.66 लाख करोड़ रुपये मूल्य का सकल मूल्य संवर्धन (ग्रॉस वैल्यू एडेड यानी जीवीए) की कूवत रखता है। यह आंकड़ा इस क्षेत्र की मजबूती और लचीलापन दर्शाता है। और कुछ नहीं, अगर कृषि क्षेत्र में सिर्फ मूल्य समानता ही बना दी जाए अर्थात्? उच्चतर कीमत की गारंटी, तो कृषि क्षेत्र कहीं ज्यादा बेहतर कर दिखाए, उत्पादन और मूल्य-संवर्धन, दोनों में।

कृषि उत्पाद की कीमतें नीचे रखने की वजह से जाहिर है कृषि क्षेत्र से होने वाली आय कम दिखाई देती है। इस तथ्य को स्वीकार करने की बजाय बड़ी चालाकी से यह दलील देकर आभास दिया जाता है 'चूंकि देश की कुल आय में कृषि क्षेत्र का हिस्सा केवल 19 प्रतिशत है, इसलिए जो बोझ इसको जिलाए रखने में ढोना पड़ रहा है, उसमें खासी कटौती की जानी चाहिए।' विद्रूपता भरी यह दलील पुरानी पड़ चुकी आर्थिक सोच का दोहराव है, जो किसानों को खेती से बाहर धकेलने को आमादा है। मुख्यधारा के अर्थशास्त्री उस वैश्विक आर्थिक साजिश को आगे बढ़ाए रखना जारी रखे हुए हैं जो कृषि की बलि चढ़ाने को आतुर है ताकि आर्थिक सुधारों को व्यवहार्य बनाया जा सके। इसे बदलना ही होगा।

आइए पहले ग्रॉस वैल्यू ऑफ आउटपुट (जीवीओ यानी सकल उत्पादन मूल्य) को समझें। अगर किसी वस्तु की औसत कीमत बढ़ती है तो उसकी ग्रॉस वैल्यू (सकल मूल्य) में भी बढ़ोतरी होती है। विकसित देश इस समीकरण का इस्तेमाल करके भारत की ताड़ना करते हैं कि वह विश्व व्यापार संगठन समझौते की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है। गेहूं और चावल के न्यूनतम खरीद मूल्य में



बढ़ोतरी के साथ, अमीर विकसित देश किसी उत्पाद के कुल मूल्य का निर्धारण उत्पादन को कीमत से गुणा करके निकालते हैं। फिर इससे यह हिसाब लगाते हैं कि भारत एग्रीगेट मेजरमेंट ऑफ सपोर्ट (सकल माप समर्थन फार्मूले) के तहत 10 प्रतिशत सब्सिडी देने की तयशुदा सीमा से कितना ऊपर जाकर कृषकों को राहत देता है।

अन्य शब्दों में, वे यह गणना करते हैं कि भारत उत्पाद के कुल मूल्य का कितना हिस्सा कृषि क्षेत्र को बतौर सहायता प्रदान करता है। बात यह है कि यदि उत्पादन पहले जितना रहे और कीमत ऊपर उठती है तो उसका जीवीओ भी ऊपर जाएगा।परंतु, क्योंकि हम कृषि उत्पाद की कीमतें कम रखते हैं लिहाजा जीवीओ भी नीचे बना रहता है। वर्तमान में, जिंस की खेत में लगने वाली कीमत सामान्यतः नीचे रहती है, यहां तक कि घोषित किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य से 20-30 से फीसदी कम। गेहूं और चावल, और कुछ हद तक कपास, कुछेक दालों और चंद सब्जियों के अलावा थोक मूल्य नीचे ही रहता है। मुझे मालूम है कि उत्पाद के सकल मूल्य का निर्धारण चंद मंडियों में लगने वाली तात्कालिक कीमत का औसत निकालकर, फिर इसमें अन्य कुछ खर्च जोड़कर, तय किया जाता है। तार्किक यह है कि अगर बाजार मूल्य बनिस्बत ऊंचा रहे, जो कि घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम न हो, तब जीवीओ भी तुलानात्मक रूप से ऊंचा रहेगा।साल 2014-15 में कर्नाटक सरकार ने किसानों को तुअर दाल पर 450 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया, नतीजतन रिकॉर्ड खरीद हुई। इस प्रक्रिया में, तुअर दाल उत्पादक की आय में 22,500 रुपये की अतिरिक्त वृद्धि हुई। कल्पना करें कि यदि देशभर में तुअर दाल की कीमतों में इतने स्तर की वृद्धि हो जाती तो इस जिंस विशेष की जीवीओ कहीं ज्यादा हो जाती। इसी प्रकार, गेहूं का मौजूदा न्यूनतम खरीद मूल्य, जो कि इस साल 2125 रुपये प्रति क्विंटल है, यदि उसको देशभर में कानूनन गारंटी से लागू कर दिया जाए तो न केवल पंजाब-हरियाणा बल्कि पूरे देश के किसान को उच्चतर मूल्य मिल पाएगा। इससे गेहूं उत्पादन का जीवीओ खुद-ब-खुद काफी उच्च गिना जाएगा। यदि शेष फसलों की कीमतों में आनुपातिक वृद्धि कर दी जाए तो यही बात उन पर भी लागू होती है।जो अन्य पैमाना अर्थशास्त्री लागू करते हैं, वह है ग्रॉस वैल्यू एडेड यानी जीवीए (सकल मूल्य संवर्धन)। जीवीए और जीवीओ के बीच अंतर यह है कि फसल उगाने में आई लागत और कच्चे माल की कीमत को जीवीओ से घटाना पड़ता है। वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग (एनएसओ) ने कृषि, वानिकी एवं मतस्य पालन से हुए जीवीओ की गणना 50.71 लाख करोड़ रुपये की है।

इस बात के मद्देनज़र कि कृषि क्षेत्र के जीवीए-जीवीओ अनुपात देशभर में सबसे अधिक यानी 80.19 प्रतिशत है, यहां तक कि

## संपादकीय

# विभाजन की हिंसा

यह विडंबना ही है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष व गंगा-जमुनी संस्कृति वाले देश में पर्व-त्योहारों पर हिंसक घटनाओं का अनवरत सिलसिला थम नहीं रहा है। एक पर्व की शोभायात्रा पर सिर्फ दो दिन के भीतर छह राज्यों में हिंसा का फूटना महज संयोग नहीं कहा जा सकता। महाराष्ट्र के मलाड, बिहार के सासाराम, बिहार शरीफ व नालंदा, वडोदरा से लेकर हावड़ा तक भड़की हिंसा दर्शाती है कि हिंसा के मूल में महज स्थानीय कारक ही शामिल नहीं थे। आशंका जतायी जा रही है कि दो संप्रदायों में विभाजन की कोशिश करके भयादोहन किया जा रहा है। कहीं न कहीं ध्रुवीकरण के जरिये वोटों की फसल सींचने की कवायद जान पड़ती है। विपक्ष जहां इसे राज्य सरकारों की कानून-व्यवस्था बनाये रखने में विफलता बता रहा है, वहीं सत्ता पक्ष उपद्रवियों को भड़काने का आरोप दल विशेष पर लगा रहा है। लेकिन एक बात तो तय है कि कई राज्यों में एक साथ हिंसा का होना महज संयोग नहीं है। जो कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। यूं तो विगत में भी रामनवमी के जुलूस पर पथराव की घटनाएं होती रही हैं। लेकिन ये घटनाएं छिटपुट रूप में सामने आती रही हैं। पिछले साल दिल्ली की जहांगीरपुरी में भी हिंसा हुई थी। लेकिन इस बार कई राज्यों में एक साथ हिंसा का होना गंभीर स्थितियों की तरफ इशारा करता है। देश में विभिन्न पर्व-त्योहार मिल-जुलकर शांति से मनाने की समृद्ध परंपरा रही है। लेकिन हाल के दिनों में कटुता व विद्वेष का यह आलम है कि संशय की दीवार लगातार ऊंची होती जा रही है। जिसके चलते पर्व-त्योहारों पर हिंसा आम घटनाएं होती जा रही हैं। निश्चित तौर पर त्योहारों के दौरान हिंसा का फूटना और उस पर काबू न हो पाना कानून-व्यवस्था की विफलता है, लेकिन राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। चिंता समाज में समरसता को लगातार ग्रहण लगने की भी है। जो आने वाले वक्त में बेहद कष्टकारी हो सकती है।


## विपरीत हवा

यह कैसी हवा बह रही?,
उल्टी दिशा में कुछ कह रही,
रिश्ते मानवता के हो रहे तार -तार,
इंसाफ की लगा रहे गुहार बार-बार,
तैश में इंसान की नहीं अच्छों से जमती,
हो रही नित हत्याएं क्यों नहीं थमती?,
नहीं हो रहा उपचार गायब है दवा,
दुर्गंध लिए बह रही विपरीत हवा।

खुद पर इंसान आज पोत ली कालिख,
आना जाना लगा है ईश्वर ही मालिक,
अल्प समय की भूमिका खूबसूरती से निभा,
किरदार नायक का अब सबको दिखा,
खुशबू फूल की हवा में कुछ तो घोल,
अच्छी बातें ही होती है बड़ी अनमोल,
आज मानव ही मानव से हुआ है खफा,
दुर्गंध लिए बह रही विपरीत हवा।

बड़ा साबित करने को लगी जी जान,
रॉकेट बम को ही समझ रहा शान,
पेड़ों को काट बिछाया सड़कों का जाल,
बड़ी-बड़ी इमारतों से प्रकृति हुई बदहाल,
जीव जंतु नहीं सुरक्षित करते खुद को महसूस,
दुर्व्यवहार करने वालों की नहीं होती पूछ,
भावी पीढ़ियों से हुआ बहुत ही दगा,
दुर्गंध लिए बह रही विपरीत हवा।

जात पात रंग धर्म पर मतलब साध रहा,
प्यार नहीं समग्र नफरत से भरा,
चंद पैसों शोहरत की खातिर हुआ बदनाम,
जेल की सलाखों का ले लिया इनाम,
बीत जाती जिंदगी नहीं दिमाग ठिकाने,
जिंदगी होती तबाह नहीं घर में दाने,
जिंदगी है खूबसूरत न समझो सजा,
सुगंध लिए ही बहे उचित हवा।



डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़

# भूजल संरक्षण : धान रोपाई का विकल्प अपनाने की जरूरत

दुनियाभर में जल बचाने की कोशिशें जारी हैं। जल संरक्षण एक नागरिक के तौर पर भी हमारा दायित्व है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए (7) के मुताबिक, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है- वनों, झीलों, नदियों, भूजल और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना। केन्द्रीय भूजल बोर्ड व जल आयोग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश की खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सघन कृषि क्षेत्र वाले पंजाब- हरियाणा में पिछले 50 वर्षो से लगातार धान-गेहूं फसल चक्र अपनाने के कारण भूजल स्तर आधा मीटर प्रतिवर्ष गिरा है। इन राज्यों के आधे से ज्यादा ब्लॉक गंभीर भूजल संकट में आ चुके हैं ज़िसे रोकने के लिए, इन राज्यों ने 2009 में 'हरियाणा और पंजाब प्रिज़र्वेशन आफ सबसॉयल वाटर एक्ट' बनाये, जिसमें 15 जून से पहले धान की रोपाई पर प्रतिबंध लगाया गया। लेकिन प्रयास निरर्थक साबित हुए हैं। वर्ष 1970 तक उत्तर भारत में शिवालिक हिमालय के साथ लगते मैदानी खादर व तराई क्षेत्रों में भूजल भूमि सतह के बिलकुल नजदीक था। लेकिन हरित क्रांति दौर की सघन कृषि तकनीक विशेष तौर पर रोपाई, धान, औद्योगीकरण और शहरीकरण आदि से भूजल का अंधाधुंध दोहन होने से गंभीर भूजल संकट बनता जा रहा है।



आदिकाल से अनाज, दलहन, तिलहन आदि सभी फसलों की खेती के लिए, बत्तर खेत को तैयार करके बीज की सीधी बुआई प्रचलित तकनीक रही है। वर्ष 1966 से पहले, संयुक्त पंजाब समेत उत्तर भारत में किसान सीधी बुआई से धान की खेती करते थे। तब धान का क्षेत्र कम होने व सस्ते मजदूर मिलने के चलते निराई-गुड़ाई से खरपतवार नियंत्रण किया जाता था। लेकिन सरकार ने हरित क्रांति दौर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए धान की उन्नत बौनी किस्मों के साथ, भूजल बर्बादी वाली खड़े पानी वाली धान रोपाई तकनीक आयात करके उत्तर भारतीय किसानों पर थोप दी। जिससे धान की पैदावार तो जरूर बढ़ी, लेकिन खेती लागत में कई गुणा बढ़ोतरी और भूजल की भयंकर बर्बादी हुई, ज़िससे बड़ा इलाका भूजल डार्क ज़ोन में चला गया। इस भयंकर भूजल बर्बादी को रोकने के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने इस सदी की शुरुआत में, सूखे खेत में धान की सीधी बुआई तकनीक को प्रसारित किया ज़िसे किसानों ने नकार दिया। क्योंकि इस पद्धति में सिंचाई पानी की बचत नहीं होने, बुआई के तुरंत बाद सिंचाई और फिर हर 3 दिन बाद सिंचाई करने से फसल में खरपतवार बहुत हो गयी जिससे किसान परेशान हो गए। दूसरी ओर सरकार ने तकनीकी तौर पर कई कथित अव्यावहारिक योजनाओं से किसानों को भ्रमित किया। विश्व खाद्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 150 दिन की धान फसल को मात्र 500-700 मि.ली. सिंचाई जल की आवश्यकता होती है। जिसमें आधे से ज्यादा सिंचाई जल की पूर्ति मानसून वर्षा करती है। लेकिन हरित क्रांति दौर में सरकार द्वारा अनुशंसित भूजल बर्बादी वाली रोपाई धान तकनीक में 1500-2000 मि.ली. सिंचाई जल की ज़रूरत होती है, जिससे लागत में बढ़ोतरी और ऊर्जा-भूजल की भारी बर्बादी हुई। जिसे रोकने के लिए, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान-क्षेत्रीय केन्द्र करनाल की टीम ने 2014-15 में तर-वत्तर सीधी बिजाई धान तकनीक को विकसित करके किसानों में प्रसारित किया, ज़िससे खरपतवार नियंत्रण आसान हुआ और पैदावार रोपाई वाले धान के बराबर ही मिलने लगी। ज़िसके असर से कोरोना आपदा काल 2021 में, प्रवासी मजदूरों की भारी कमी से पंजाब में किसानों ने लगभग 6 लाख हेक्टेयर यानी कुल धान क्षेत्र के 20 प्रतिशत क्षेत्र पर तर-वत्तर सीधी बुआई तकनीक से धान फसल सफलता से उगाई और प्रदेश में रिकार्ड 12.78 मिलियन टन धान का उत्पादन हुआ। इसी तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा 1 अप्रैल, 2023 को दी गई जानकारी के अनुसार, खरीफ-2022 में हरियाणा में किसानों ने 72,000 एकड़ से ज्यादा भूमि पर सीधी बिजाई धान तकनीक को अपनाकर 31,500 करोड़ लीटर यानी लगभग 40 लाख लीटर एकड़ भूजल की बचत की। जिसके लिए सरकार ने लगभग 30 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि किसानों को बांटी। अब हरियाणा सरकार द्वारा भूजल संरक्षण के इन प्रयासों को गति देने के लिए भूजल बर्बादी वाली रोपाई धान पर प्रतिबंध लगाकर, सीधी बिजाई धान पद्धति को 7,000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन देना चाहिए! ज़िससे 40 लाख लीटर प्रति एकड़ भूजल के साथ ऊर्जा (बिजली और डीजल) की भारी बचत होगी। तर-वत्तर सीधी बिजाई धान पद्धति में खेत में पानी टिकाने की ज़रूरत नहीं होने से रोपाई धान के मुकाबले लगभग 40 प्रतिशत भूजल की बचत होती है। इन कम अवधि किस्मों की कटाई मध्य सितंबर तक हो जाने से फसल अवशेष प्रबंधन में आसानी होगी , वायु प्रदूषण रोकने में मदद मिलेगी और किसान गेहूं फसल की बुआई से पहले हरी खाद के लिए 45 दिन की ढैंचा व मूंग आदि फसल लेकर भूमि की उर्वरा शक्ति को जैविक तौर पर बनाये रख सकते हैं।

# डिजिटलीकरण- भारतीय अर्थव्यवस्था का एक अनूठा प्रेरक

डॉ. सौरभ गर्गएक अर्थव्यवस्था की लगभग हर गतिविधि की बुनियाद तैयार करने वाली एक राह के रूप में डिजिटलीकरण की अनिवार्य जरूरत को व्यापक तौर पर स्वीकार किया गया है। इंटरनेट का बढ़ता प्रसार, किफायती डेटा, तकनीकी नवाचार और इन सबसे भी बढ़कर, डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का जोर सेवाओं की त्वरित आपूर्ति, बेहतर पहुंच और जवाबदेही में सुधार सुनिश्चित कर रहा है। डिजिटल बदलावों का असरवर्ष 2014-2019 की अवधि के दौरान, भारत की मुख्य डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी सकल मूल्य संवर्धन के 5.4 प्रतिशत से बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि के दौरान समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में डिजिटल अर्थव्यवस्था 2.4 गुना तेजी से बढ़ी। हाल ही में प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन के अनुसार, 2019 में कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल आधारित अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत थी। सरकार का मुख्य जोर डिजिटल क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) विकसित करने पर रहा है, जोकि-अधिक सहभागी सेवा वितरण प्रणालियों के लिए डिजिटल घटकों की सार्वजनिक उपलब्धता सुनिश्चित करता है,- बाजार की अगुवाई में होने वाले नवाचारों को प्रेरित करता है,- सेवाओं के अधिक किफायती एवं त्वरित समावेशन को सुविधाजनक बनाता है, और- अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी प्रणालियों का विकास सुनिश्चित करके उपयोगकर्ता का भरोसा बढ़ाता है।पहुंच, सामर्थ्य, कनेक्टिविटी और समावेशिता में सुधार लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे डिजिटल इंडिया का व्यापक प्रभाव अब पूरे देश में दिखाई दे रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख घटक माना जाने वाला आधार' अपनी अनूठी विशिष्टता की वजह से इस देश के डिजिटल शासन का एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। केन्द्र और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली लगभग 1700 कल्याणकारी व सुशासन से जुड़ी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। इन योजनाओं का लाभ आधार का उपयोग करके हासिल किया जाता है। आधार के उपयोग ने बिना किसी गड़बड़ी के लक्षित लाभार्थियों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया है। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कम्प्यूटरीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, 750 मिलियन पीडीएस लाभार्थियों के डेटा को आधार से जोडने के उपरांत लगभग 47 मिलियन फर्जी/नकली राशन कार्डों को हटाने और उचित मूल्य की दुकानों के स्वचालन के कारण अनाज प्राप्त करने की पात्रता नहीं रखने वाले लोगों के हाथों में पहुंचने के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है। इसी तरह, रसोई गैस सब्सिडी योजना (पहल) में 8.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत और किसान सहायता योजना के तहत खुदरा विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री में 12 मिलियन मीट्रिक टन की कमी के परिणामस्वरूप 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की बचत हुई है।डिजिटल सुविधाओं का प्रसारदेश में इस समय 1.17 बिलियन से अधिक मोबाइल टेलीकॉम उपभोक्ता, स्मार्ट-फोन का उपयोग करने वाले 600 मिलियन से अधिक लोग और 840 मिलियन इंटरनेट कनेक्शन हैं। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा लेने के मामले में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में इसमें 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इंटरनेट के दायरे में शामिल होने वाले इन सभी गांवों को कम से कम 4जी मोबाइल सेवाओं से लैस किया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच के डिजिटल सुविधाओं के मामले में अंतर में और कमी आएगी। कम लागत वाले फीचर मोबाइल फोन को क्षमता की दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाने के प्रयास भी चल रहे हैं। इस प्रकार, डिजिटल अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाना संभव हो पाएगा।हाल ही में शुरू की गई डिजिटल इंडिया भाषिणी' परियोजना क्षेत्रीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने का प्रयास करती है। इस परियोजना में आवाज-आधारित पहुंच की सुविधा भी शामिल है। यह परियोजना भाषाओं की विविधता का ध्यान रखती है और इसका उद्देश्य उस भाषा में समाधान प्रदान करना है जिसमें लोग सहजता से जुड़ सकें।औपचारिकीकरण को प्रेरित करने वाला डिजिटल समावेशनडिजिटलीकरण अपेक्षाकृत अधिक वित्तीय समावेशन, व्यापक औपचारिकीकरण, उन्नत दक्षता और बेहतर अवसरों के जरिए आर्थिक विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रयास में सहायक भूमिका निभाने वाले कुछ सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में आधार, यूपीआई, को-विन, डिजिलॉकर, दीक्षा आदि शामिल हैं। पैमाने के संदर्भ में अगर बात करें तो, देश की 94.5 प्रतिशत से अधिक आबादी के पास अब आधार उपलब्ध है और हर महीने 2.2 बिलियन से अधिक आधार संबंधित प्रमाणीकरण हो रहे हैं। इसी प्रकार, पिछले पांच वर्षों की अवधि में 75 गुना वृद्धि के साथ 5.5 बिलियन यूपीआई-आधारित भुगतान संबंधी लेनदेन हर महीने किए जाते हैं। कुल 1.1 अरब कोविन पंजीकरण हुए हैं। कुल 140 मिलियन लोगों ने डिजीलॉकर में अपने अकाउंट बनाए हैं और डिजिलॉकर रिपॉजिटरी में 5.6 बिलियन आधिकारिक डिजिटल दस्तावेज़ उपलब्ध हैं। ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 286.5 मिलियन श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। पीएम-स्वनिधि पर 4.4 मिलियन स्ट्रीट वेंडर और उद्यम पोर्टल पर 12.7 मिलियन उद्यमों का पंजीकरण हुआ है। वर्ष 2017 से 2022 के दौरान जीएसटी भुगतान करने वालों की संख्या 7 मिलियन से बढ़कर 14 मिलियन हो गई है। ये सारे तथ्य इस बात के संकेत हैं कि चीजें किस तरह आकार ले रही हैं।ओपन सोर्स और भागीदारी वाले डिजिटल नवाचार भारत में, सरकार और निजी पक्षों द्वारा नवाचार के अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। यह देश के भीतर डिजिटल क्षेत्र में नए- नए नवाचारों को प्रेरित कर रहा है। एआई/एमएल जैसे नए युग की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत ओपन-सोर्स वाली एआई परियोजनाओं के मामले में योगदान करने वाला एक अग्रणी देश है। उदाहरण के लिए, भारत से निकलने वाले एआई आधारित प्रकाशन 18 प्रतिशत दर से बढ़ रहे हैं। यह दर अमेरिका, चीन, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की तुलना में कहीं अधिक तेज है। किसी भी अन्य जी-20 देश की तुलना में भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत कर्मी बेहतर एआई संबंधी कौशल से लैस हैं।जहां तक सरकार का प्रश्न है, वह भी अपने खुद के कैप्टिव सैंडबॉक्स और टेस्ट-बेड की एक श्रृंखला के जरिए नए अनुप्रयोगों/उपयोग आधारित मामलों का डिजाइन तैयार करने और उनका परीक्षण करने हेतु उद्योग जगत के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है। इंडियास्टैक ओपन पब्लिक प्लेटफॉर्म के लिए आईस्पिरिट की भूमिका, तेज डिजिटल भुगतान के लिए एनपीसीआई, ओपन डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी, यूआईडीएआई इकोसिस्टम में मौजूद विभिन्न उपयोगकर्ता प्रतिष्ठान पीपीपी मॉडल के कुछ ऐसे उदाहरण हैं जो डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को गति दे रहे हैं।भारत ने उन मानकों, प्रौद्योगिकियों और उपकरणों के यथासंभव उपयोग की अनिवार्यता को पहचान लिया है जो अनिवार्य रूप से ओपन-सोर्स वाले हैं। इस प्रकार वह वेंडर लॉक-इन एवं स्वामित्व वाले प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी उच्च लागत से बचता है।

# बेटी लुकेश्वरी ने कहा पढ़ाई करना चाहती हूं हमारे घर के स्थिति ठीक नहीं सुध लें कका भुपेश सरकार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**छुरा**-गरियाबंद जिले के छुरा वि.ख. ग्राम पंचायत सोरिद खुर्द में निवासरत दिव्यांग महिला द्रोपति बाई पति दयाराम विशेष पिछड़ी जनजाति भुंजिया समाज के 47 वर्षीय महिला अंतिम पैदान में खडे, भारी परेशानी से जुझ रही है पति निशक्त एवं उसके पत्नी को चलने में बहुंत परेशानी की सामना करनी पढ रही है, किन्तु द्रोपति बाई की स्थिति बहुंत ज्यादा खराब है, जो की पैर से लेकर कमर तक की अंग नही चलती है। खडे तक नही हो पाती, कापी ईलाज कराने के बाद भी कोई रिजल्ट नही मिली जो गरिबी परिस्थिति के चलते ईलाज नही करा पाई, जो आज दिव्यांग कि जिन्दगी काट रही है ,ग्राम पंचायत के सरपंच को जानकारी देने के बावजूद किसी प्रकार के आर्थिक सहयोग नही दी गई ,शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है , फिर भी उन्हे कोई योजनाओं की लाभ नही मिल पाई , इनके हालात 4 वर्ष से बिगडी हुई है,मगर किसी ने पुछने तक नही आये,अब ये बेसाहारा के देखभाल उनकी नाबालीक बेटी कु. लुकेश्वरी उम्र 15 वर्ष की बालिका



पालन पोषण कर रही है? मां बाप के तकलिब के कारण लुकेश्वरी स्कुल जाना बंद कर दी है शासन के कई योजना चल रहा है लेकिन अभी तक आवास मकाम और ना, ही, निराश्रित पेन्सन , व दिव्यांग प्रमाण पत्र भी नही बनाया गया हैगरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल ने उनके घर पहुंच कर उनके परिवार की दयनीय स्थिति देखते हुए शासन प्रशासन की योजनाओं की जानकारी देकर मदद करने का भरोसा दिलाया भुजिया समाज के खगेश भुंजिया भी साथ रहे समाजसेवी मनोज पटेल जी ने प्रेस वार्तालाप पर दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ को बताया कि केंद्र व राज्य सरकार विशेष पिछड़ी जनजाति लोगों के लिए योजनाएं गिनाते हैं स्थानीय प्राधिकरण एवम पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा कार्यालय में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए योजनाओं को हितग्राही तक पहुंचाने बाबत निर्देश पुस्तिका होने के बावजूद नहीं दिला पा रहे कोई मदद

लेकिन हम जब गांव गांव पहुंचकर विशेष पिछड़ी वर्ग के लोगों से मुलाकात करते हैं आज भी दयनीय स्थिति में जीवन जी रहे हैं किसी किसी का घर नहीं झोपड़ियों में ही जीवन बिता रहे हैं तो किसी के घर लाइन नहीं किसी के घर पिने की पानी तक सुविधा नहीं किसी को स्वास्थ्य सुविधा भी नहीं मिल रहा अनेकों तकलीफों से जीवन बिताने वाले लोगों तक नहीं पहुंच पा रही प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री की योजनाएं

# गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा के चार प्रकरण में 16 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत किया *

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के चार प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमलीपदर तहसील के ग्राम बुरजाबहाल निवासी 38 वर्षीय धनमती सोरी की 14 अप्रैल 2022 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनके पुत्र पतिराम सोरी को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है।इसी प्रकार ग्राम धुरवापथरा निवासी 64 वर्षीय छिनकी बाई की 06 जुलाई 2022 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनके पुत्र विजय कुमार को 4 लाख रुपये, अमलीपदर तहसील के ही ग्राम कोदोभाठा निवासी 69 वर्षीय सनमति बाई की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन रामसिंग को 4 लाख रूपये तथा अमलीपदर निवासी 50 वर्षीय पिताम्बर पटेल की 08 जून 2022 को तालाब के पानी से डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नि रोहणी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# स्मृति नीरज ठाकुर रवि फ्यूल्स अमलीपदर में प्रभु श्री राम के परम भक्त हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में हनुमान मूर्ति किया गया अनावरण

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड नवीन तहसील कोड अमलीपदर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर जी ने रवि फ्यूल्स अमलीपदर मैं पवन पुत्र श्री हनुमान जी का मूर्ति अनावरण किया गया। शाम 5़00 बजे बाल कन्या एवं महिलाओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गई कलश शोभायात्रा रवि फ्यूल्स से निकलकर गांव के तालाब से विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भरा गया तत्पश्चात कलश शोभायात्रा निकालकर गांव के मां दुर्गा मंदिर होते हुए रवि फ्यूल्स तक पहुंची भक्तों द्वारा श्री हनुमान जी का जोर शोर से नारा लगाया जिससे पूरा अमलीपदर श्री हनुमान जी के नाम से गूंज उठा कलश शोभायात्रा समाप्ति के बाद रात्रि 7़00 बजे विधि विधान से पूजा पाठ कर श्री पवन पुत्र हनुमान जी का मूर्ति मंदिर में स्थापित



किया गया । एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।जिला पंचायत श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर जी ने कहा साल में दो बार हनुमान जयंती मनाई जाती है एक चैत्र माह और दूसरी कार्तिक महीने में. उत्तर भारत में हनुमान जी का जन्मोत्सव चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाता है. इस साल हनुमान जयंती 6 अप्रैल 2023 को मनाई जाएगी. शास्त्रों के अनुसार त्रैतायुग में इसी दिन पर अष्ट सिद्धि, नौ निधि के दाता महाबली मारुति नंदन यानी कि हनुमान ने केसरी और माता अंजना के घर जन्म लिया था. इन्हें पवनपुत्र भी कहा जाता है.मान्यता है कि जो भक्त पूर्ण श्रद्धा से हनुमान जयंती पर व्रत रखकर बजरंगबली की पूजा करता है उसके जीवन में कभी दुख और तकलीफों का सामना नहीं करना पड़ता. संकटमोटन की भक्ति करने वाले को धन, संपदा, सुख, सफलता, प्राप्त होती है.साथ ही वह तेजस्वी और पराक्रमी बनता है. जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर ने इस पावन पर्व श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे क्षेत्रवासी एवं देशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

# भाजपा मंडल गोहरापदर में विभिन्न बूथों में मनाया गया स्थापना दिवस,मंडल मुख्यालय में फहराया गया पार्टी ध्वज

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गोहरापदर भाजपा मंडल गोहरापदर में पार्टी के स्थापना दिवस पर विभिन्न स्थानो में स्थापना दिवस मनाया गया.कार्यकर्ताओं ने गाँव गाँव में पार्टी ध्वज फहराया गया.मंडल मुख्यालय गोहरापदर में पार्टी के 43 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें बजरंग चौक स्थित भाजपा कार्यालय के समक्ष ध्वज वंदन किया गया,जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकर्ताओं के नाम सम्बोधन को देखा।प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संगठन हित में कारण करने का मूलमंत्र दिया।साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुनारायण तिवारी को पार्टी के गमछा और श्री फल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी ने कहा की आज संगठन ने अपने स्थापना के 43 वर्ष पूर्ण कर लिए है.हमारे संगठन की निरंतरता ही सफ़लता का कारण है।आज इसी वजह से संगठन इतना विस्तृत हो रहा है।संस्थापक नेताओं के दूरदर्शी सोच और पार्टी के राष्ट्रवादी विचारधारा हमारी ताक़त बन चुकी हैं।भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा ये हमारे लिए गर्व की बात है कि हम विश्व के सबसे बड़े संगठन के कार्यकर्ता है,बीते वर्षों में कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम ही संगठन को दिन प्रतिदिन मज़बूत करते जा रहा है।हमें आने वाले समय में भी अधिक एकजुटता के साथ संगठन कार्यों में संलग्न रहना हैं।सभी को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रहित के कार्यों में शामिल होकर बढ़ावा देना है,स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी,भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ.योगीराज माखन कश्यप,मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,सांसद प्रतिनिधि खगेश्वर नायक,चंद्रप्रकाश साहू,कीर्तन राम यादव,इंदर मांझी,डमरूधर यादव,पदमन नागेश,नरसिंग यादव,लक्ष्मण नागेश,सुरेश यादव,रोहित नागेश,भूषण तिवारी,हेमराज यादव,केशरी दौरा,विनोद यादव,धनीराम सिन्हा,दीपक मिश्रा,बीरबल बघेल सहित कार्यकर्ता गण मौजूद रहे

## हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष पुजा अर्चना

# जीवन में आने वाले समस्त बाधाओं को दूर होती है मारूति नंदन का सुमिरन करने से



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

अमलीपदर आज हिंदू भारतवर्ष में चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को पूरे भारतवर्ष में श्री राम भक्त हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया जाता है और बड़ी धूमधाम से मारुति नंदन का पूजन अर्चन किया जाता है वही आज धर्म नगरी ग्राम अमलीपदर में विराजित श्री मां दुर्गा मंदिर में विराजमान मारुति नंदन की आज विशेष पूजा अर्चना चोला , महाआरती हनुमान चालीसा एवं रामनाम का पाठ किया गया प्रसिद्ध भागवताचार्य युवराज पांडे जी के कृपा पात्र शिष्य पंडित कृष्णकांत त्रिपाठी जी ने बताया संकट हरे सब पीरा जपत निरंतर हनुमत वीरा हनुमान जी का जो निरंतर स्मरण करते रहते हैं उनकी सारी बाधाओं को तत्काल नष्ट करते हैं हनुमान जी और आज पूरे भारतवर्ष पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है हम सभी को हनुमान जयंती नहीं हनुमान जन्मोत्सव मनाना चाहिए क्योंकि हनुमान जी सप्त चिरंजीव में एक है जो आज भी जीवित है ऐसा हमारे पुराणों ग्रंथों में कहा गया है इसीलिए हनुमान जन्मोत्सव मनाना चाहिए इस आयोजन में सौरभ सिन्हा मोनू सिन्हा शेरा प्रधान उत्तम चक्रधारी हिमांशु शर्मा राधेश्याम चक्रधारी करण यादव भोले चक्रधारी मनीराम मांझी राहुल मांझी मुकेश मांझी अलेख नागेश उपस्थित रहे ।

# छुरा नगर मुख्य मार्ग से मदिरालय हटाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**छुरा।** मुख्य मार्ग व भीड़भाड़ वाले रोड पर शराब दुकान होने की वजह से स्कूली बच्चों और आम जन पर आते जाते वक्त दुर्घटना होने आशंका बनी रहती है, जिसको अन्य जगह स्थांतरित करने ग्रामीण अंचल के लोगों ने यह सूचना गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल को दिया, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए, छुरा एसडीएम को, दुर्घटना की ओर ध्यानाकर्षित कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन देने के वक्त ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष फलेंद्र साहू जी, समाजसेवी मनोज पटेल जी एवम मिथलेश साहू ने उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर झंडा वंदन किया



**ग्वालियर ।** भाजपा लक्ष्मीबाई मंडल के वार्ड 31 के मतदान केंद्र 307 के अंतर्गत अचलेश्वर बिहार में भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा का झंडा वंदन किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता उदय अग्रवाल, चंद्र शेखर शर्मा, उमेश जोशी, युवा मोर्चा के जिला मंत्री पूनम पाल, रमन शर्मा, मोहन सिंह वर्मा, अनिल कौरव,विजय गुप्ता, यशपाल सिंह चौहान, पूरन सिंह भदोरिया, मान सिंह चौहान समेत अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर उदय अग्रवाल, चंद्र शेखर शर्मा, उमेश जोशी ने सभी कार्यकर्ताओं को नमन करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

# कार्यकर्ताओं के बल पर देश के 70 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा राज्य कर रही है:पवैया

**ग्वालियर।** राष्ट्रवाद के प्रति अटूट निष्ठा और करो?ें समर्पित कार्यकर्ताओं की अमोघ शक्ति की हमारी वैशिष्ट्य है जिसके बल पर देश के 70 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा राज्य कर रही है यह बात गुरुवार को भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन में भाजपा की स्थापना दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने मुख्य वक्ता के रूप में कही।भाजपा महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने कहा कि हमारा राष्ट्रवाद सांस्कृतिक अभ्युत्थान तो है ही लेकिन इससे भी ब?कर गरीबों का कल्याण हमारा अंतिम लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने पार्टी से भी ब?ा राष्ट्र है 1977 में प्रजातंत्र बचाने अपना झंडा और जनसंघ दोनों को विसर्जित कर दिया और इसी तरह जब जनता पार्टी सरकार में श्री अटल बिहारी वाजपेई जी तथा श्री लालकृष्ण आडवाणी जी से कहा गया कीवी सत्ता में रहना चाहते हैं या संघ से रिश्ता रखना चाहते हैं तब सत्ता को तिलांजलि देकर हमने संघ और राष्ट्रवाद को अपनी जननी मानकर भाजपा की स्थापना की। पवैया ने कहा कि 1984 में श्रीमती इंदिरा गांधी मृत्यु कांड की लहर में पराजय से हम नहीं घबराए और कार्यकर्ता उनके पुरुषार्थ पर 2 से ब?कर 303 सांसदों की पार्टी बनी। उन्होंने कहा कि मोदी जी जैसा नेतृत्व अपनी संस्कृति पर गर्व करता है और अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा के हाथ में गीता का उपहार देता है, श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के भूमि पूजन में साष्टांग प्रणिपात करके स्वयं को श्री राम का वंशज मानता है वहीं हिंदुस्तानी होने पर सर्व अनुभव करने वाले राहुल गांधी दुनिया के मंचों पर सिर झुका कर भारत की बदनामी करते हैं। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर सभी को अपने हाथों से मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।

# सूचना

श्री सचिन वर्मा पुत्र श्री रतनलाल वर्मा की दुकान हैं 4 नम्बर दुकान खुला संतर मार्केट की दुकान श्री पुष्पेन्द्र बाथम पुत्र श्री रतनलाल बाथम ने क्रय कर ली हैं। इनका नामांतरण नगर निगम में दर्ज कराने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि किसी को आपत्ति हो वो 15 दिवस के अन्दर नगर निगम कार्यालय हेड ऑफिस में उपायुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेन्टर में राजस्व विभाग मे दर्ज करा सकते हैं

**आज्ञा**
**उपायुक्त**
**नगर निगम ग्वालियर**

# वंदे भारत के गेट जी का जंजाल बने, ट्रेन में चड़ उतर नहीं पा रहे यात्री

ग्वालियर। वंदे भारत एक्सप्रेस की मध्यप्रदेश को मिली सौगात अब यात्रियों पर ही भारी बन बैठी है। इस सौगात में गेट वंदे भारत के गेट ही बाधा बन गये है। वंदे भारत का स्टापेज दो मिनट का है और गेट आटोमेटिक खुलते है और बंद हो जाते है। इतने में कई उतरने वाले रह जाते है और कई चड़ने वाले रह जाते है। कुछ के परिजन उतर जाते है तो कुछ के ट्रेन में ही छूट जाते है। उसके बाद उन्हें दूसरे स्टापेज पर उतरना पड़ता है। गेटों के आटोमेटिक सिस्टम से यात्रियों की दिल की धड़कन बड़ गई है और जो इससे जूझ चुके है




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478